इंदौर, शुक्रवार 20 मार्च 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 122

■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com

dainikindoresanket


dainikindoresanket

dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

राष्ट्रपिता को नमन...


**अंदर के पन्नों पर...**

शहर में कई जगह बारिश भी हुई



पेज-2

शहनाज गिल के नए गाने 'बंजे दारू' ने खींचा दर्शकों ध्यान



पेज-5

गर्मी में बदला इंदौर जू का मिजाज



पेज-6


**न्यूज ब्रीफ**

- बिहार : राज्यसभा चुनाव से नदारद रहे 3 कांग्रेस विधायकों को मिला नोटिस
- निफ्टी 220 अंक चढ़ा, सेंसेक्स 738 अंक उछला
- होर्मुज पर मदद को तैयार इटली-जर्मनी-फ्रांस, पहले सीजफायर की रखी शर्त
- तेहरान में ईरानी ठिकानों पर आईडीएफ के हमले शुरू
- दिल्ली-एनसीआर में हवाओं के साथ हो रही है तेज बारिश
- शिमला : सीएम सुखविंदर सुक्खू आज हिमाचल का बजट पेश करेंगे
- हिज्बुल्लाह और ईरान द्वारा वित्तपोषित एक 'आतंकवादी नेटवर्क' को हमने खत्म किया : यूएई
- नई दिल्ली : शरजील इमाम अपने भाई की शादी में शामिल होने को 10 दिन के लिए जेल से बाहर आएगा
- उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सामरिक अभ्यास का निरीक्षण किया
- ट्रंप के साथ हमारा तालमेल बिल्कुल सही, वो अपना फैसला खुद लेते हैं- नेतन्याहू
- उत्तराखंड में आज कैबिनेट विस्तार संभव, पांच नए मंत्री ले सकते हैं शपथ

# कांग्रेस को सता रहा भितरघात का डर!

## 6 विधायकों पर टिकी है राज्यसभा सीट की उम्मीदें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मप्र में राज्यसभा की 3 सीटों के लिए होने वाले चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों में उम्मीदवारों को लेकर दावेदारों ने सक्रियता बढ़ा दी है, जिससे सूबे का सियासी गणित रोचक हो गया है। इनमें भाजपा के खाते की दो सीटें और कांग्रेस की एक सीट है। ऐसे में राज्यसभा में जाने के लिए नेताओं ने चौसर बिछानी शुरू कर दी है। इससे पहले हरियाणा, उड़ीसा में क्रॉस वोटिंग के बाद मप्र कांग्रेस की चिंता बढ़ गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस अपने विधायकों की बाड़ेबंदी करेगी। राज्यसभा चुनाव के वक्त कांग्रेस विधायकों को कांग्रेस शासित राज्य में भेजा जा सकता है। कांग्रेस शासित राज्य में विधायकों को भेजने पर मंथन हुआ है।

मप्र में तीन राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना है। राज्यसभा चुनाव को लेकर मई में नोटिफिकेशन जारी होगा। 1 राज्यसभा सीट के लिए 58 विधायकों का समर्थन चाहिए। आंकड़ों के हिसाब से दो सीट भाजपा के खाते में जाएगी। मप्र कांग्रेस के पास फिलहाल 65 विधायक है। 65 विधायक में से बीना विधायक निर्मला सप्रे भाजपा के मंच पर लगातार नजर आ रही है। मुकेश मल्होत्रा विधायक रहेंगे या नहीं मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में है। इधर भाजपा से जुड़े सूत्रों का दावा है कि पार्टी मिशन 5 विधायक पर काम कर रही है। यानी कि भाजपा का प्रयास रहेगा कि कांग्रेस के 5 विधायक क्रॉस वोटिंग कर दे, जिससे कांग्रेस के खाते वाली एक सीट पर भी भाजपा की विजय हो जाए और इस चुनाव में कांग्रेस पूरी तरह से क्लीन स्वीप हो जाए।





**6 विधायकों से हो सकता है खेला**-राजनीतिक जानकारों का कहना है कि कांग्रेस को 58 विधायक चाहिए। लेकिन, अगर 6 विधायक यहां के वहां हो गए तो कांग्रेस की सीट फंस सकती है। भाजपा के पास फिलहाल 164 विधायक हैं, जबकि बीना विधायक के सपोर्ट से भाजपा की संख्या 165 हो जाएगी। ऐसे में दो सीटों पर 58-58 विधायक वोट करने के बाद भी भाजपा के पास 49 विधायक बचते हैं। ऐसे में भाजपा अगर तीसरा प्रत्याशी भी खड़ा करती है तो मध्य प्रदेश में राज्यसभा का चुनाव दिलचस्प हो जाएगा। यही वजह है कि कांग्रेस को राज्यसभा सीट बचाने के लिए टेंशन हो सकती है। खास बात यह है कि मध्य प्रदेश में एक विधायक भारत आदिवासी पार्टी से कमलेश्वर डोडियार भी हैं। ऐसे में उनका वोट भी अहम हो जाएगा। यही वजह है कि कांग्रेस अभी से भाजपा पर राज्यसभा चुनाव में जोड़ तोड़ के लिए आरोप लगा रही है। इधर दिल्ली में पिछले तीन दिनों से कांग्रेस मंथन में जुटी हुई है। बुधवार को आदिवासी कांग्रेस की बैठक हुई, जिसमें नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित दूसरे आदिवासी नेता भी मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो इस बैठक में राज्यसभा चुनाव के दौरान हुई क्रॉस वोटिंग पर चर्चा हुई और उसे मध्यप्रदेश की तीन सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव से जोड़ते हुए आवश्यक कदम उठाने की बात कही गई। बैठक में आदिवासी विधायकों की किलेबंदी से लेकर उनसे सतत संपर्क करने का निर्णय लिया गया।

### भाजपा खेला करने की तैयारी में

*राज्यसभा की पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह वाली सीट कांग्रेस के लिए सिरदर्द बन सकती है। कांग्रेस को डर है कि इस सीट को अपने पाले में करने के लिए भाजपा उनके दल के साथ खेल कर सकती है। सूत्रों की मानें तो इस सीट को पाने भाजपा मिशन के तहत काम कर रही है, तो कांग्रेस इसे लेकर दिल्ली में रणनीति बनाने में जुटी हुई है। जानकारों का कहना है कि भाजपा के रणनीतिकारों की नजर कांग्रेस के ऐसे विधायकों पर है, जो किसी न किसी वजह से अपने नेतृत्व और नेताओं से नाराज चल रहे हैं। भाजपा कांग्रेस की इसी कमजोर कड़ी के आधार पर एक सीट जीतने की कोशिश में लगी हुई है।*

### राज्यसभा चुनाव को लेकर नेतृत्व सतर्क

*हरियाणा में कांग्रेस के पांच विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की और चार वोट रद्द हुए है। हरियाणा में हुए सियासी घटनाक्रम से मध्य प्रदेश कांग्रेस चिंतित है। पूर्व कानून मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि राज्यसभा चुनाव को लेकर मध्यप्रदेश नेतृत्व सतर्क है। इसे लेकर पिछले तीन दिन से कांग्रेस दिल्ली में बैठकर रणनीति बना रही है। इसमें उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित दूसरे विधायकों की नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के एक विधायक ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा कि पार्टी में कुछ ऐसे भी विधायक हैं, जो भाजपा से नजदीकी से जुड़े हुए हैं। कुछ विधायकों के करीबी भाजपा अहम पद पर हैं, जिससे उन्हें लेकर असमंजस्य की स्थिति है।*

### इसलिए बढ़ रही कांग्रेस की टेंशन

*मप्र में कांग्रेस की राज्यसभा सीट के लिए टेंशन क्यों बढ़ रही है। इसके पीछे कुछ वजहें हैं। दरअसल, मध्य प्रदेश में 230 विधायक हैं। ऐसे में तीन राज्यसभा सीटों के हिसाब से एक सीट जीतने के लिए 58 विधायकों की जरूरत पड़ेगी। 164 विधायकों के दम पर भाजपा दो सीटें आसानी से जीतेगी। जबकि कांग्रेस को अपनी एक सीट बचाने के लिए 58 विधायकों की जरूरत पड़ेगी। अब मामला यह है कि कांग्रेस के पास फिलहाल आंकड़ों के मुताबिक 65 विधायक हैं।*

# छात्रों की पहल पर फिरा पानी अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस



## उद्घाटन से पहले ट्रैफिक मित्र एआई बेस्ड रोबोट में तोड़फोड़

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● हीरानगर थाना क्षेत्र स्थित ब्रिलियंट चौराहा पर यातायात व्यवस्था में मदद के लिए इंजीनियरिंग छात्रों द्वारा तैयार किया गया ट्रैफिक मित्र रोबोट उदघाटन से पहले ही असामाजिक तत्वों की तोड़फोड़ का शिकार हो गया। घटना के बाद रोबोट का संचालन प्रभावित हो गया है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। हीरानगर थाना पुलिस के मुताबिक... फरियादी इमरान पिता लतीफ बेग, निवासी पार्श्वकुंज कॉलोनी खजराना की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि कॉलेज की ओर से प्रोफेसरों और छात्रों ने मिलकर यह ट्रैफिक मित्र रोबोट तैयार किया था, जिसे 10 मार्च को नगर निगम ने स्थापित किया था। इसका जल्द ही औपचारिक उदघाटन होना था।

■ **काफी महत्वपूर्ण था रोबोट :** कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार... यह रोबोट एआई बेस्ड है। इसमें सेंसर लगे हुए थे। यह ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए अपनी टाइमिंग में परिवर्तन कर लेता था। भविष्य की जरूरतों के अनुसार... यह रोबोट काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन बदमाशों ने इसका हाथ और डिस्प्ले ही चुरा लिया और इसमें तोड़फोड़ कर दी।

फरियादी के अनुसार 13 मार्च को जानकारी मिली कि रोबोट में अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ कर दी है। इस वजह से रोबोट फिलहाल काम नहीं कर पा रहा है। मौके पर पहुंचकर देखा गया तो रोबोट के हाथ और उसमें लगी डिस्प्ले को क्षतिग्रस्त किया गया था। इससे न केवल छात्रों की मेहनत पर पानी फिर गया, बल्कि यातायात सुधार के एक नवाचार को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### 80 प्रतिशत रिपोर्ट सामान्य, फिर भी डाक्टर लिखते जांचें

# सीटी स्कैन, एमआरआई का एमवायएच में भी 'ओवरडोज'! मरीजों पर महंगी जांच का बोझ

## निजी अस्पतालों में दूसरे अस्पताल की रिपोर्ट भी नहीं मानते डॉक्टर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर की स्वास्थ्य व्यवस्था में एक चिंताजनक ट्रेंड तेजी से उभर रहा है। जहां पहले दुर्घटना या एमएलसी मामलों में डॉक्टर एक्स-रे तक सीमित रहते थे, अब उसी जगह सीधे सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी महंगी जांचें धड़ल्ले से लिखी जा रही हैं। एमवाय अस्पताल जैसे बड़े सरकारी संस्थान में रोजाना 30 से 40 मरीजों को सीटी स्कैन और एमआरआई कराने की सलाह दी जा रही है। इनमें आयुष्मान योजना से जुड़े मरीज और घायल भी शामिल हैं, जिन्हें कई बार भर्ती करने से पहले ही जांच के लिए भेज दिया जाता है।

**गरीब मरीजों पर सीधा आर्थिक असर :** विशेषज्ञों के अनुसार प्रक्रिया उलटी हो गई है। पहले मरीज को भर्ती कर प्राथमिक उपचार दिया जाना चाहिए, उसके बाद जरूरत के अनुसार जांच होनी चाहिए। लेकिन वर्तमान में बिना भर्ती किए ही महंगी जांचें लिखी जा रही हैं। इसका सीधा असर आयुष्मान योजना के पात्र गरीब मरीजों पर पड़ रहा है, जिन्हें अपनी

जेब से हजारों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। जबकि भर्ती होने पर यही जांचें योजना के तहत कवर हो सकती हैं। एमवायएच की केजुअल्टी में पहले जहां प्रतिदिन 150-200 एक्स-रे होते थे, अब उसी तर्ज पर सीटी स्कैन और एमआरआई लिखे जा रहे हैं। अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल या निजी डायग्नोस्टिक सेंटर भेजा जाता है। सूत्रों के मुताबिक, कई बार आयुष्मान के तहत भर्ती मरीजों के लिए भी अनावश्यक जांचें कराई जा रही हैं। जिला अस्पताल में उलटी स्थिति: जिला अस्पताल में पीपीपी मॉडल पर संचालित सीटी स्कैन और एमआरआई सेंटर में सरकारी मरीज कम और बाहरी मरीज ज्यादा पहुंच रहे हैं। कारण यह है कि यहां सामान्य ओपीडी में ऐसी जांचें बहुत कम लिखी जाती हैं, जबकि प्रसूति सेवाओं में इनकी जरूरत नहीं होती।



### पेट स्कैन भी बना महंगा बोझ

पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी (पीईटी) स्कैन एक उन्नत जाच है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से कैंसर, हृदय रोग और मस्तिष्क संबंधी बीमारियों के निदान में किया जाता है। यह शरीर की कोशिकाओं की गतिविधि को दिखाता है और कैंसर के स्टेजिंग व उपचार की मॉनिटरिंग में बेहद उपयोगी है। हालांकि, अब इसे एहतियात के तौर पर भी लिखे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। यह जांच 18,000 से 22,000 रुपये तक महंगी होती है और आउटडोर में न तो मेडिक्लेम और न ही आयुष्मान योजना में कवर होती है, जिससे मरीजों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

### झोलाछाप भी लिख रहे

*स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि गैर-प्रशिक्षित झोलाछाप तक सीटी स्कैन और एमआरआई लिख रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का दावा है कि इन जांचों में करीब 80 प्रश. रिपोर्ट सामान्य आती हैं, जो इस बात का संकेत है कि कई मामलों में इनकी वास्तविक जरूरत नहीं होती। सूत्रों के अनुसार, इसके पीछे कमीशन का खेल भी एक बड़ा कारण हो सकता है। पूरे मामले ने स्वास्थ्य व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द सख्त गाइडलाइन और निगरानी नहीं की गई, तो यह ट्रेंड मरीजों के लिए आर्थिक और स्वास्थ्य दोनों स्तर पर गंभीर संकट बन सकता है।*

# भाजपाइयों के नाच-गाने के वायरल वीडियो के बाद गरमाई राजनीति

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम के समापन का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें पार्षद नाचते हुए दिखाई दे रहे है। यह वीडियो हाल ही में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के समापन का बताया जा रहा है।

दो दिवसीय इस कार्यक्रम में संगठनात्मक मजबूती, विचारधारा और कार्यशैली जैसे विषयों पर चर्चा की गई थी। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और औपचारिक माहौल बना रहा, लेकिन समापन के समय माहौल अचानक बदल गया और इसे सांस्कृतिक रूप दे दिया गया। वीडियो में एमआईसी सदस्य (पार्षद) मनीष मामा फिल्मी गानों पर थिरकते नजर आ रहे हैं। पार्षद मनीष शर्मा आईएमए डिस्को डांसर... जैसे गानों पर झूमते दिखे।



**राजनीति गर्माई, विपक्ष ने की आलोचना :** वीडियो के वायरल होने के बाद राजनीति गरमा गई है। आलोचकों और विपक्षी समर्थकों का कहना है कि जब शहर में जनसमस्याओं से लोग परेशान हैं, तब जनप्रतिनिधियों का ऐसा जश्न अनुचित है।

### वीडियो के टाइमिंग को लेकर चर्चा

यह वीडियो तब आया जब बुधवार को शहर एक घर में आग लगने से 8 लोगों की मौत से गमजदा था, तब प्रदेश ही नहीं पूरे देश में इस घटना के चर्चे थे, हर कोई इस रूह कंपकपा देने वाली घटना से गम में था, लेकिन जब यह वीडियो पोस्ट हुआ तो हर किसी ने इस पर अंगुली उठाई। जब शहर में इतनी बड़ी घटना हो गई है, मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री ने भी संज्ञान लिया तब भाजपा के जिम्मेदार नेता इस तरह का डांस कर रहे है। हालांकि यह वीडियो दो-तीन दिन पुराना बताया जा रहा है, लेकिन जब पोस्ट किया गया वह समय गलत था। भाजपा ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि पार्टी यह डांस प्रशिक्षण शिविर के एक निर्धारित सांस्कृतिक सत्र का हिस्सा था, न कि मुख्य राजनीतिक कार्यवाही का।

## युद्ध के तनाव के बीच सोना-चांदी लुढ़के

**मुंबई (एजेंसी)** ● चांदी की कीमत फिर भर-भराकर टूटी है। गुरुवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सिल्वर प्राइस देखते ही देखते क्रैश हो गया, चांदी में 12 फीसदी की भारी गिरावट के साथ लोअर सर्किट लग गया है। यानी झटके में चांदी 29000 रुपये से ज्यादा सस्ती हो चुकी है। इस ताजा गिरावट के बाद अब चांदी अपने ऑल टाइम हाई से 2 लाख रुपये से ज्यादा टूट चुकी है। दूसरी ओर सोना भी पस्त पड़ा है, सोना 6 फीसदी टूट गया है। जिससे कीमत में 9000 रुपये से ज्यादा की गिरावट आई है। अमेरिकी फेड रिजर्व द्वारा पॉलिसी रेट को स्थिर रखने के अलावा युद्ध के बीच जोरदार बिकवाली के बीच सोना-चांदी टूटे हैं। एमसीएक्स पर कारोबार की शुरुआत होने के साथ ही चांदी का वायदा भाव अपने बुधवार के बंद 2,48,194 रुपये से गिरकर ओपन हुआ।

# बड़ी सेलेब्रिटी तक का भविष्य बताने वाला 'ज्योतिषी' रेप केस में गिरफ्तार

**नासिक (एजेंसी)** ● बड़े-बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज तक के भविष्य की गणना करने वाला, ग्रह-नक्षत्रों के खेल से लोगों की किस्मत बदलने का दावा करने वाला महाराष्ट्र का एक चर्चित चेहरा अब खुद कानून के घेरे में है। नासिक में गिरफ्तार अशोक खरात उर्फ कैप्टन खरात की गिरफ्तारी से न सिर्फ राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है बल्कि उन लोगों को भी चौंका दिया है जो आंख मूंदकर ऐसे तथाकथित 'ज्योतिषियों' पर भरोसा करते हैं।

नासिक क्राइम ब्रांच यूनिट-1 ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए खुद को ज्योतिषी बताने वाले अशोक खरात को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर 35 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म का गंभीर आरोप है। अशोक खरात की पहचान सिर्फ एक आम ज्योतिषी के तौर पर नहीं थी। वह खुद को 'कैप्टन' कहता था और दावा करता था कि उसने कई बड़े नेताओं, उद्योगपतियों और सेलिब्रिटीज का भविष्य बताया है। कहा जाता है कि महाराष्ट्र के कई प्रभावशाली चेहरे उससे सलाह लेने पहुंचते थे। सबसे ज्यादा चर्चा में वह तब आया था, जब नवंबर 2022 में मुख्यमंत्री रहते हुए एकनाथ शिंदे मिरगांव स्थित मंदिर पहुंचे थे और कथित तौर पर खरात से मुलाकात की थी। उस मुलाकात के बाद उसका नाम तेजी से सुर्खियों में आया और उसके प्रभाव की कहानियां फैलने लगीं।



न्यूज ब्रीफ

## शिगमोत्सव 2026 का हुआ सफल समापन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● गोवा सरकार के पर्यटन विभाग ने शिगमोत्सव 2026 के जीवंत एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समारोहों का सफल समापन किया।राज्य के विभिन्न स्थानों से स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने बढ़चढ़करकार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पोंडा से हुई और यह मुख्यनगरों जैसे कैलेंग्यूट, पणजी, मापुसा, कुर्चोरेम, बिचोलिम, सांखेलीम, शिरोडा, सांगुएम, धारबंदोरा, कुनकोलिम, मडगांव, वास्को, पोवोरिम, वालपोई, पेरनेम और क्वेपेम से होते हुए आगे बढ़ा, और अंत में मांड्रेम में एकभव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ।

## स्कूटी की डिक्की से निकला 'नशा', दो गिरफ्तार

दैनिक इंदौर संकेत

**मानपुर** ● अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मानपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की गई कार्रवाई में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 1 किलो 920 ग्राम गांजा और एक स्कूटी जब्त की है। पुलिस के अनुसार 18 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक सिल्वर रंग की टीवीएस जुपिटर स्कूटी से भेरुघाट की ओर से लेबड रोड होते हुए मानपुर आ रहे हैं और उनके पास अवैध गांजा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने लेबड रोड स्थित प्रतीक्षालय के पास घेराबंदी की। कुछ ही देर में बताए गए हुलिये के अनुसार स्कूटी क्रमांक एमपी-09-यूजी-4177 पर दो युवक आते दिखे, जिन्हें रोककर पकड़ा गया। पूछताछ में स्कूटी चालक ने अपना नाम गौरव पुत्र योगेश भागवत (19) निवासी लालबाग, छत्रीपुरा इंदौर तथा पीछे बैठे युवक ने अपना नाम अक्षय पुत्र ब्रजमोहन राठौर (19) निवासी समाजवाद नगर छत्रीपुरा इंदौर बताया।

## आज होगा आईआईएमयूएन सम्मेलन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● युवाओं में नेतृत्व क्षमता, संवाद और वैश्विक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से IIMUN इंदौर 2026 का आयोजन द मिलेनियम स्कूल, इंदौर द्वारा 17 से 19 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में विद्यार्थियों को मॉडल यूनाइटेड नेशंस सिमुलेशन के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने तथा 'ग्लोकल नागरिकता' की अवधारणा को समझने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन का शुभारंभ 17 अप्रैल 2026 को शाम 4:00 बजे उद्घाटन समारोह के साथ होगा। 18 अप्रैल को दिन की शुरुआत योग सत्र से होगी, जिसके बाद विभिन्न समितियों के सत्र आयोजित किए जाएंगे। 19 अप्रैल को समिति सत्र जारी रहेंगे और अंत में शाम 4:00 बजे समापन समारोह के साथ सम्मेलन का औपचारिक समापन होगा। MPLA समिति में फसल विविधीकरण, सिंचाई विस्तार और किसानों के ऋण राहत पर विचार किया जाएगा। NITI AAYOG समिति में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी।

# आसपास के करीब 12 लोगों से पूछताछ : मनोज पुगलिया के बेटे और पत्नी के आज होंगे बयान, शॉर्ट सर्किट से हादसा मान रही है पुलिस

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर के ब्रजेश्वरी एनएक्स स्थित अर्हम विला में हुए भीषण अग्निकांड में पुगलिया परिवार के करीब 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस ने बुधवार और गुरुवार को एक दर्जन से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं। वहीं, मनोज पुगलिया की पत्नी सुनीता, बेटे सौरभ और सबसे छोटे भाई के बयान शुक्रवार को लिए जा सकते हैं।

एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह के अनुसार मनोज पुगलिया, उनकी बहू सिमरन सहित कुल 8 लोगों की मौत के इस मामले में शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगना सामने आया है।

तिलक नगर थाना पुलिस अब तक आसपास के एक दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है, जिनमें फायर ब्रिगेड को सूचना देने वाले लोग भी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिजली के तारों से लगातार चिंगारियां गिर रही थीं और पटाखों जैसी आवाजें आ रही थीं।

परिजन का कहना है कि बिजली के पोल में स्पार्किंग हुई, उसकी वजह से आग लगी। इसका एक वीडियो भी सामने आया है।

इस हादसे में पड़ोसी महेंद्र जैन ने मनोज की पत्नी और बेटों को बचाया, जिनसे पुलिस ने पूछताछ की है। इसके अलावा पड़ोसी मनोज जैन, बचाव करने वाले विजय जुनेजा और अन्य स्थानीय लोगों से भी घटना को लेकर जानकारी ली गई। अधिकांश लोगों ने बिजली के पोल से चिंगारी गिरने और आग के वाहनों तक फैलने की बात कही।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में गत दिवस हुए अग्नि दुर्घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि दी और परिवार के परिजनों से मिलकर हादसे पर दुख व्यक्त किया।

**परिवार के बयान से खुलेगी सच्चाई**-घटना की शुरुआत में ही सुनीता और उनके पति मनोज जाग गए थे और बेटे सौरभ के साथ ऊपर पहुंचे। बहू सिमरन को बचाने के प्रयास में मनोज बीच में ही फंस गए। तब तक धुआं फैल चुका था, जिसके कारण मनोज और सिमरन के शव सबसे ऊपर मिले। अब पुलिस यह जानने की कोशिश करेगी कि आग की जानकारी परिवार को कब और कैसे मिली, और सबसे पहले आग कहां देखी गई। इन बयानों से जांच को अहम दिशा मिलने की उम्मीद है।

**सिलेंडर ब्लास्ट से बढ़ा खतरा**-घर में एक दर्जन से अधिक कमर्शियल सिलेंडर रखे होने की बात सामने आई है। जब फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, तब घर का बिजली कनेक्शन चालू था। पानी डालते ही करंट फैल गया, जिससे कुछ फायरकर्मी भी चपेट में आए, हालांकि वे सुरक्षित बच गए। कुछ देर बाद सिलेंडरों में विस्फोट हुआ, जिससे टंकी के हिस्से बाहर जा गिरे। फिलहाल पुलिस और प्रशासन इस बात की जांच कर रहे हैं कि घर में इतने कमर्शियल सिलेंडर क्यों रखे गए थे, जबकि इनका उपयोग केवल व्यावसायिक स्थानों पर ही अनुमति प्राप्त है। परिवार के सदस्यों के बयान के बाद ही पूरे मामले की स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

**वीडियो आया सामने**-हैलो, आपको ये फूटने की आवाज आ रही है? धमाके सुनिए...लेकिन बात पूरी होने से पहले ही फोन कट गया। हताशा में वह व्यक्ति चिल्लाकर बोला- रख दिया फोन उसने, बोला 15 मिनट लगेंगे। ये बातचीत इंदौर की स्वर्ण बाग कॉलोनी के रहवासी और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी के बीच की है। इस बातचीत का वीडियो अब वायरल है, जिसे सुनकर साफ पता चलता है कि 17 और 18 मार्च की दरमियानी रात का अग्निकांड केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और संवेदनहीनता की भी कहानी है, जिसने पूरे शहर को झकझोर दिया है।

## स्कूल शिक्षा विभाग की टेंडर प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं



दैनिक इंदौर संकेत


**इंदौर/भोपाल** ● मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा में स्कूल शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल में वर्ष 2023 से 2025 के बीच हुए टेंडरों में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं एवं संगठित भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। नायक ने कहा कि यह मामला अतीत का नहीं है, बल्कि वर्तमान में जारी टेंडर प्रक्रिया में भी वही गड़बड़ियां दोहराने की आशंका है। उन्होंने कहा कि 2023 में माशिमं में 3500 कंप्यूटर, यूपीएस एवं प्रिंटर की खरीदी के लिए टेंडर जारी किया, जिसकी लागत 40 करोड़ से बढ़ाकर लगभग 90 करोड़ कर दी। टेंडर में ऐसी तकनीकी शर्त जोडी गई जिससे प्रतिस्पर्धा सीमित हो गई। इस प्रक्रिया में उपकरणों की खरीदी बाजार मूल्य से 200 से 250 प्रतिशत अधिक कीमत पर की गई। लोकायुक्त स्तर पर जांच शुरू होने के बाद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होना दर्शाता है कि मामले को दबाने का प्रयास किया गया है। वर्ष 2025 में लोक शिक्षण आयुक्त कार्यालय द्वारा इंटरएक्टिव बोर्ड के टेंडर जारी किए, जिनमें भी तकनीकी शर्तों के माध्यम से प्रतिस्पर्धा को सीमित किया गया।

शहर में कई जगह बारिश भी हुई

## शाम को शहर में चली तेज हवाएं, मौसम में घुली ठंडक

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शहर में शाम को मौसम का मिजाज बदला हुआ है, जहां तेज हवाओं के साथ कुछ इलाकों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की स्थिति बनी, तो धूल भरी आंधी ने राह चलते लोगों को परेशान किया। गुरुवार को सुबह से बादलों का आना-जाना लगा हुआ था। तेज हवाएं शाम को लगभग 21 से 23 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। सामान्य हवा की गति 12 किमी प्रति घंटे के बीच रही है। तेज हवाओं के कारण मौसम में ठंडक घुल गई। कई इलाकों में बारिश होने के कारण हवाएं भी ठंडी रही। जिससे गर्मी से लोगों को राहत मिली। रात तक मौसम काफी सुहाना हो गया था। नववर्ष के पहले दिन मौसम के बदले पैतरे से शहरवासी हैरान नजर आए।



**आधी रात को हुई थी बारिश**-जानकारी के मुताबिक बुधवार-गुरुवार रात को शहर के पश्चिमी हिस्से में कुछ देर के लिए तेज बारिश देखने को मिली। हालांकि बारिश गिरने की अवधी काफी कम थी, लेकिन इस बारिश के बाद शहर में तेज हवाएं चलने लगी। गुरुवार को दिन भर बादलों की आवाजाही होने से तापमान भी और गिर गया।

**सामान्य से 2 डिग्री कम दिन का रहा तापमान :** बादलों के छाने और ठंडी तेज हवाओं के कारण दिन का तापमान और गिर गया। दिन में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, यह सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा था। एक ही रात में लगभग 3 डिग्री का उछाल आया है।

मौसम केंद्र के अनुसार आगामी एक-दो दिन ऐसे ही गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा।

**बदलाव का कारण**-हवा के दबाव में बदलाव और बादलों की मौजूदगी के कारण मौसम अचानक ठंडा हुआ है। हालांकि इस तरह का मौसम एक-दो दिन ही रहेगा।

## आइशर ट्रक्स और बसेस ने पीथमपुर में कम्युनिटी डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन किया

दैनिक इंदौर संकेत

**पीथमपुर** ● मध्य प्रदेश, 19 मार्च 2026 – आइशर ट्रक्स और बसेस ने आज पीथमपुर में आइशर सामुदायिक विकास केंद्र (ई-सीडीसी) का उद्घाटन किया। आइशर ग्रुप फाउंडेशन की स्थानीय क्षेत्र विकास पहल के तहत स्थापित, यह केंद्र विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े समुदायों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में निरंतर सामाजिक प्रभाव डालने के लिए डिज़ाइन किया गया है। E-CDC प्रमुख विकास क्षेत्रों में लक्षित हस्तक्षेप प्रदान करने के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में कार्य करता है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और स्थायी आजीविका के अवसरों तक पहुँच को मजबूत करता है। यह पहल समावेशी विकास के प्रति आइशर ट्रक्स और बसेस की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है, यह




सुनिश्चित करते हुए कि औद्योगिक विकास में हुई प्रगति के साथ-साथ इसके घरेलू पारिस्थितिकी तंत्र में सामुदायिक उन्नति के उपाय भी किए जाएँ। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, विग्यात सिंह, डाइरेक्टर, आइशर ग्रुप फाउंडेशन ने कहा, 'आइशर ग्रुप फाउंडेशन में, हमारा ष्टस्क्र दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से परिभाषित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर आधारित है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका विकास और स्थानीय समुदाय की उन्नति शामिल है। पीथमपुर में स्थित यह सामुदायिक विकास केंद्र (ई-सीडीसी) अपनी तरह का पहला ऐसा केंद्र है जो इन सभी प्रमुख क्षेत्रों को एक ही एकीकृत मंच पर एक साथ लाता है, जिससे ज़मीनी स्तर पर अधिक सुसंगत और मापने योग्य परिणाम प्राप्त करना संभव हो पाता है। अपने हस्तक्षेपों को समुदाय की ज़रूरतों के साथ बारीकी से जोड़कर, हमारा लक्ष्य ऐसे स्थायी परिणाम उत्पन्न करना है जो हमारे विनिर्माण स्थलों के आसपास के व्यक्तिगत आजीविका और व्यापक सामाजिक पारिस्थितिकी तंत्र, दोनों को मजबूत करें।'

## विद्यारम्भ प्रमाण-पत्र वितरण एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी 24 मार्च को

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत 5-6 वर्ष के बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से प्रवेश दिलाने एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'विद्यारम्भ प्रमाण-पत्र' वितरण एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रदेशभर में एक साथ मंगलवार, 24 मार्च 2026 को आयोजित होगा। इस पहल के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्राप्त शिक्षा की महत्ता को रेखांकित किया जाएगा तथा समुदाय में इन केन्द्रों को शिक्षा के प्रमाणिक आधार के रूप में स्थापित किया जाएगा। इससे अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से आंगनवाड़ी एवं आगे स्कूल भेजने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

## 24 मार्च को इंदौर एयरपोर्ट पर नवीनीकृत टर्मिनल का लोकार्पण



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर नवीनीकृत पुराने टर्मिनल भवन (T-1) का लोकार्पण 24 मार्च को किया जाएगा। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। इस टर्मिनल के शुरू होने से एयरपोर्ट की कुल क्षमता बढ़कर सालाना 50 लाख यात्रियों तक पहुंच जाएगी। इसके शुरू होने से यात्रियों को अतिरिक्त सुविधाएं मिलेंगी और एयरपोर्ट पर बढ़ते दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद शंकर लालवानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू का आभार व्यक्त करते हुए कहा -'इंदौर एयरपोर्ट का तेजी से विकास हो रहा है। इसकी प्रगति के लिए केंद्र सरकार से हर संभव सहयोग मिल रहा है, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो पा रही हैं।' लगभग 50 करोड़ से अधिक की लागत से तैयार इस टर्मिनल में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। टर्मिनल में करीब 400 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था, 14 चेक-इन काउंटर, आगमन व प्रस्थान क्षेत्र में आरक्षित लाउंज तथा दिव्यांगजनों के लिए विशेष चेक-इन सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## चमेली देवी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ बना राष्ट्रीय विधि प्रतिभाओं का केंद्र




दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● चमेली देवी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा आयोजित प्रथम 'लेक्स मेवेन' नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन 17 एवं 18 मार्च 2026 को अत्यंत भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के प्रमुख विधि संस्थानों की कुल 36 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी विधिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, एनएलयू त्रिपुरा, एनएलयू लखनऊ, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल, गांधीनगर तथा एनएमआईआईएस जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। प्रारंभिक चरण में मेमोरियल (लिखित प्रस्तुति) के आधार पर टीमों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें से 20 टीमों को शॉर्टलिस्ट किया गया। इसके पश्चात विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक दौरों से गुजरते हुए 10 टीमों ने क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया।

## इंदौर अक्षय हत्याकांड के आरोपी जबलपुर में छिपे थे

### पुलिस ने दबिश देकर तीन को पकड़ा; 100 किमी दूर ले जाकर वारदात को अंजाम दिया था

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर में अक्षय शर्मा की हत्या को अंजाम देकर फरार हुए तीन आरोपियों को जबलपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर इंदौर पुलिस को सौंप दिया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों पर 2-2 हजार रुपए का इनाम घोषित था। ये आरोपी इंदौर से फरार होने के बाद जबलपुर के राइट टाउन में रहने वाली भाजपा नेत्री शिखा शर्मा के घर सहित अन्य स्थानों पर छिपकर रह रहे थे। कोतवाली सीएसपी रितेश कुमार शिव के नेतृत्व में लार्डगंज थाना प्रभारी नवल आर्य की टीम ने शशिकांत शर्मा को आदि एन्क्लेव से, जबकि रवि और गौरव को पास के एक घर से गिरफ्तार किया। इसके बाद तीनों को इंदौर पुलिस के हवाले कर दिया गया। 17 जनवरी 2026 को आठ आरोपियों ने मिलकर पहले अक्षय का अपहरण किया, उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और फिर उसे थाने के बाहर छोड़कर फरार हो गए थे।

**घर से बुलाकर उठाकर ले गए**-मृतक अक्षय शर्मा का अपने चाचा गोविंद और उनके परिवार से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। यह पूर्वजों का प्लॉट था, जिस पर अक्षय कब्जा करना चाहता था, जबकि गोविंद और अन्य रिश्तेदार भी उस पर अपना दावा कर रहे थे। इसी बात को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। मृतक और आरोपी एक ही कैंपस में रहते थे और कई बार अक्षय को घर से बाहर निकालने की कोशिश भी की गई थी। 17 जनवरी की शाम शशिकांत शर्मा ने अक्षय को कॉल कर प्लॉट के पास बुलाया। जैसे ही वह वहां पहुंचा, आरोपियों ने उसे जबरन कार में बैठा लिया और इंदौर से करीब 100 किलोमीटर दूर शाजापुर ले गए। इस दौरान उसे जबरन शराब भी पिलाई गई।

## रहवासी संघ की मांग- मुख्य मार्ग ही नहीं, गली-मोहल्लों और बैकलेन में भी हो सफाई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल इंदौर में अब गली-मोहल्लों और बैकलेन की सफाई को लेकर रहवासियों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। उनका कहना है कि जहां मुख्य मार्गों पर नियमित और प्रभावी सफाई होती है, वहीं वार्डों की तंग गलियों और पिछली नालियों (बैकलेन) में कचरे के ढेर लंबे समय तक जमा रहते हैं।

रहवासियों के अनुसार, कुछ समय के लिए एनजीओ के माध्यम से सफाई अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन बाद में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। नगर निगम पर गंदगी फैलाने वालों की निगरानी और प्रभावी मॉनिटरिंग में कमी के आरोप भी लगाए जा रहे हैं।

तंग गलियों में नियमित सफाई की मांग: वार्ड 37 और महालक्ष्मी नगर रहवासी संघ के सचिव ब्रजेश पचौरी ने बताया कि मुख्य सड़कों की सफाई समय पर हो जाती है,

लेकिन संकरी गलियों और बैकलेन में कचरा जमा होने की समस्या बनी हुई है। खजराना क्षेत्र के सुनील पाटीदार ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान कुछ समय तक सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है, लेकिन बाद में लापरवाही लौट आती है। कई बार सफाई के बाद भी कुछ लोग दोबारा कचरा डाल देते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि सख्त मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया जाए। इन क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था कमजोर शहर के खजराना, चंदन

नगर, जूनी इंदौर, रावजी बाजार, काजी की चाल, निरंजनपुर बस्ती, परदेशीपुरा, कुलकर्णी भट्टा, मालवा मिल, बाणगंगा, बांगड़दा, कबूतरखाना, बम्बई बाजार, मच्छी बाजार रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, रिंग रोड और लसूड़िया जैसे कई क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था कमजोर बताई जा रही है। चिकित्सक डॉ. धीरज शर्मा का कहना है कि मुख्य सड़कों के साथ-साथ कॉलोनियों और बैकलेन की सफाई के लिए ठोस और स्थायी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शुक्रवार 20 मार्च 2026

## न्यूज ब्रीफ

### दशहरा मैदान के 'अवध लोक' पर श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ का शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दशहरा मैदान स्थित अवध लोक पर हिन्दू नववर्ष एवं नौ दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव का शुभारंभ गुरुवार सुबह श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ, वृन्दावन में बने भव्य प्रेम मंदिर की प्रतिकृति में राम दरबार एवं राधा कृष्ण की मनोहारी छबियों की स्थापना तथा गुड़ी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। दत्त माउली संस्थान के अधिष्ठाता सदगुरू अण्णा महाराज, सांसद शंकर लालवानी, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के रामेश्वर जिला प्रमुख वीरेन्द्र गोयल, सेवा भारती के मूलचंद गुर्जर, सामाजिक समरसता के प्रमुख किरण जोशी सहित विहिप एवं संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने आचार्य पंडित अगस्त्य व्यास द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर इन सभी अनुष्ठानों का शुभारंभ हुआ।

### बाबा की पालकी का पूजन, साईं भक्तों पर हुई पुष्प वर्षा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नंदा नगर क्षेत्र की गलियां और सड़कें गुरुवार को सुबह रंगोली, फूलों और भगवा पताकाओं सहित रंगबिरंगी सजावट से दमक उठीं। केन्द्रीय साईं सेवा समिति की मेजबानी में हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो से जुड़े भक्तों का उत्साह इस कदर परवान चढ़ा कि करीब 30 स्थानों पर भजनों के बीच नाचते गाते श्रद्धालुओं ने पालकी का पूजन कर साईं भक्तों पर पुष्प वर्षा भी की और बाबा के जयघोष से क्षेत्र को गुंजायमान बनाए रखा। कई साईं भक्तों ने रतजगा कर परिवार सहित अपने घर आँगन की सजावट की। जैसे ही बाबा की सुसज्जित पालकी उनके आंगन पहुंची, समूचा परिवार दर्शन और पूजन के लिए उमड़ पड़ा।

### गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए संस्था मातृभूमि ने सकोरे का वितरण किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नंदा संस्था मातृभूमि ने एक सराहनीय पहल करते हुए हिंदू नववर्ष पर गर्मियों में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए 5100 सकोरे का वितरण शुरू किया। नव वर्ष पर सुखलिया स्थित भारत माता मंदिर पर ब्राह्मणों को सकोरे वितरित किए। रहवासियों को पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने का संकल्प भी दिलाया। संस्था के सुरजीत सिंह वालिया ने बताया कि गुरुवार को सकोरे वितरण कार्यक्रम की शुरुआत नववर्ष पर ब्राह्मणों को सकोरे वितरित करके की। इस अभियान में अब लगातार 5100 सकोरे का वितरण जारी रहेगा। सभी को पक्षियों के लिए घरों की छतो पर सकोरे रखकर उसमे दाना पानी की व्यवस्था करने का संकल्प भी दिलाया।

# प्रदेश में 23 मार्च तक आएगा रिजल्ट, 1 अप्रैल से खुलेंगे स्कूल, ड्राप-आउट रोकने घर-घर पहुंचेंगे शिक्षक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियां तेज हो गई हैं. लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) से मिली जानकारी के अनुसार 8वीं, 9वीं और 11वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम 23 मार्च तक घोषित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 24 से 31 मार्च तक विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। वहीं एक अप्रैल से प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में नई कक्षाएं शुरू होंगी और प्रवेशोत्सव के साथ विशेष नामांकन अभियान भी चलाया जाएगा।




### हर कक्षा में बनाया जाएगा एक वार्डन

स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बार सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने और ड्रॉप-आउट कम करने के लिए विशेष रणनीति बनाई है. डीपीआई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत प्रत्येक कक्षा में एक शिक्षक को 'वार्डन' की जिम्मेदारी दी जाएगी। यह शिक्षक विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति पर नजर रखेगा. जो बच्चे लगातार अनुपस्थित रहेंगे, उनके अभिभावकों से सीधे संपर्क करेगा। लोक शिक्षण संचालनालय की आयुक्त शिल्पा गुप्ता ने बताया कि नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षकों को घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान शिक्षक अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देंगे। इनमें नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, स्कॉलरशिप सहित अन्य शासकीय योजनाएं शामिल हैं। विभाग का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कर स्कूलों में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई जाए।

### सरकारी स्कूलों में रंगाई-पुताई के निर्देश

नए सत्र की तैयारियों को लेकर स्कूलों को भी कई निर्देश दिए गए हैं। एक अप्रैल से पहले सभी स्कूलों में पाठ्यपुस्तकों का वितरण पूरा कर लिया जाएगा, ताकि सत्र की शुरुआत से ही पढ़ाई सुचारू रूप से शुरू हो सके। इसके अलावा स्कूल भवनों की रंगाई-पुताई और साफ-सफाई का काम 30 मार्च तक पूरा करने को कहा गया है।

#### बीते साल 3.43 लाख बच्चों ने रोकी पढ़ाई

दरअसल प्रदेश में बढ़ते ड्रॉप-आउट को देखते हुए सरकार और शिक्षा विभाग चिंतित है. पिछले वर्ष प्रदेश में करीब 3.43 लाख बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया था। इनमें सबसे अधिक 2.66 लाख बच्चे सरकारी स्कूलों के हैं। 52 जिलों में सबसे ज्यादा खरगोन जिले से 20 हजार से अधिक बच्चे ड्रॉप-आउट हुए, जिन्होंने कहीं भी दोबारा प्रवेश नहीं लिया।

#### बजट बढ़ा, लेकिन कम हुई विद्यार्थियों की संख्या

जानकारी के अनुसार आठ साल पहले प्रदेश में पहली से 12वीं तक के स्कूलों में करीब 1.60 करोड़ बच्चों का पंजीयन हुआ था. आठ साल बाद इनमें से केवल 1 करोड़ 4 लाख बच्चे ही पढ़ाई में बने रहे। खास बात यह है कि इस दौरान स्कूल शिक्षा का बजट लगभग चार गुना बढ़कर 9 हजार करोड़ से 37 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया. इसके बावजूद विद्यार्थियों की संख्या में कमी दर्ज की गई है।

## श्री परशुराम सेना के द्वारा गुड़ी पड़वा और चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री परशुराम सेना के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिंदू नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा गुड़ी पड़वा और नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ साईं मंदिर मालवा मिल पर किया गया। परशुराम सेना के नगर अध्यक्ष प्रकाश शर्मा पप्पी ने बताया आयोजन मैं मुख्य रूप से पंडित संजय शुक्ला पूर्व विधायक, हरीश विजयवर्गीय, गौतम तिवारी,विजेंद्र दीक्षित, अनिल तिवारी उपस्थित हुए।

आयोजन प्रभारी शुभम पांडे, आरती मिश्रा ने बताया परशुराम सेना के संरक्षक पं संजय शुक्ला ने कहा परशुराम सेना द्वारा सनातन संस्कृति और संस्कार को आगे रखकर इस तरह के आयोजन किए जाते हैं जो कि प्रशंसनीय है इस अवसर पर उन्होंने सभी सनातनियों को हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं प्रेषित की और सब के सुख और मंगल की कामना करते हुए आयोजन की प्रशंसा की। हमारे हिंदू नव वर्ष की शुरुवात तो चैत्र प्रतिपदा गुड़ी पड़वा से ही होती है।

हरीश विजयवर्गीय ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा इस तरह के आयोजन से समाज में नई जागृति आती है। हमें अपने बच्चों को भी संस्कृति और संस्कार बचपन से ही देने की आवश्यकता है।

## प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा वर्तमान एवं पूर्व सरपंचों सहित 11 प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया है की अब ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस की मजबूती बनाने के लिए एवं भाजपा से मुकाबला करने के लिए अब ऐसे वर्तमान सरपंच एवं पूर्व सरपंचों के साथ ही ग्रामीण जनों को पदाधिकारी बनाया जाएगा जो अभी तक कांग्रेस के किसी पद पर नहीं थें। उन्हें मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश में एवं जिलों में पदाधिकारी बनाया जाएगा और संगठन मजबूती के साथ ही कांग्रेस पार्टी कैसे मजबूत हो और राजीव विकास केंद्र का विस्तार ग्रामीण स्तर पर किया जाएगा।

यादव ने बताया हैं कि जिसके तहत जहां तीन प्रदेश उपाध्यक्ष तीन प्रदेश महामंत्री पांच सचिव की नियुक्ति की गई है जिसके तहत 11 प्रदेश के वर्तमान एवं पूर्व सरपंचों की घोषणा की गई है। जिसमें प्रमुख रूप से वर्तमान सरपंच किशन मंडलोई को प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व सरपंच सुरेश पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व सरपंच मनोहर पटवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व सरपंच मोहन जामलिया को प्रदेश महामंत्री पूर्व सरपंच रमेश जामलिया को प्रदेश महामंत्री अंकुश सिंह राठौर को प्रदेश महामंत्री सकलेन अंसारी को प्रदेश सचिव प्रवीण सूर्यवंशी को प्रदेश सचिव नरेंद्र यादव को प्रदेश सचिव मनोहर तोमर को प्रदेश सचिव राहुल रत्नाकर को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। सभी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे।

## खण्डेलवाल स्मार्ट लेडीज सोशल ग्रुप ने मनाया गणगौर उत्सव



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● खण्डेलवाल स्मार्ट लेडीज सोशल ग्रुप द्वारा गणगौर उत्सव उत्साह और पारंपरिक रीति- रिवाजों के साथ मनाया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी होकर भाग लिया और आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अध्यक्ष सीमा खण्डेलवाल एवं मीडिया प्रभारी तनुजा खण्डेलवाल ने बताया कि सास-बहू थीम विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सभी महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर उत्सव को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने नृत्य एवं गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। आयोजन की संयोजक शिवानी धामनी, सुनीता बड़गौती, श्वेता धामनी एवं निधि कूलवाल सहित अन्य रही। रिश्तों के रंग सास बहु के संग की थीम आकर्षण का केंद्र रही सचिव अद्विता बड़गौती एवं कोषाध्यक्ष नीलू राजौरिया सहित अन्य मौजूद रही। गणगौर उत्सव के माध्यम से महिलाओं ने पारंपरिक संस्कृति को जीवंत रखते हुए आपसी एकता और उत्साह का परिचय दिया।

## वैश्य घटकों ने गौसेवा कर हिन्दू नववर्ष पर दी एक दूसरे को शुभकामनाएँ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन एवं श्री विशा नागर वणिक समाज के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सुबह पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर पर सैकड़ों वैश्य बंधुओं ने हिन्दू नववर्ष के शुभारंभ प्रसंग पर गौसेवा कर महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपाल दास महाराज के सानिध्य में गौसेवा कर वैश्य एकता दिवस मनाया तथा एकदूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएँ भी दी।

इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अरविन्द बागड़ी, हरीश विजयवर्गीय, कैलाशचंद्र खंडेलवाल सहित अन्य पदाधिकारी और विशा नागर समाज की ओर से शहर अध्यक्ष शैलेष नागर, सचिव संजय नागर एवं कार्यकारिणी के सदस्यों सहित विभिन्न वैश्य घटकों के समाज बंधु भी उपस्थित थे जिन्होंने हिन्दू संवतसर नववर्ष पर गौसेवा के माध्यम से धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प व्यक्त किया। सभी बंधुओं ने गौसेवा कर पूजन के बाद श्रीराम मंदिर में भी दर्शन पूजन कर सभी वैश्य समाजों के बंधुओं के लिए सुख, शांति और सद्भाव की प्रार्थना की।

## अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में विष्णु-गीता बिंदल ट्रस्ट 14 हजार वर्गफीट में बनवाएगा संत-भक्त निवास

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री अन्नपूर्णा आश्रम मंदिर परिसर में हिन्दू नववर्ष के शुभारंभ प्रसंग पर विष्णु-गीता बिंदल चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपने पूर्वजों की स्मृति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि एवं स्वामी जयेंद्रानंद गिरी के सानिध्य में 14 हजार वर्गफीट क्षेत्र में संत निवास एवं भक्त निवास के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। आचार्य पं. कल्याण दत्त शास्त्री के निर्देशन में पूजन विधि ट्रस्ट के प्रमुख विष्णु-श्रीमती गीता बिंदल एवं हितेश-अर्पिता बिंदल ने सम्पन्न की।



संत निवास एवं भक्त निवास का निर्माण अन्नपूर्णा मंदिर के पीछे तीन मंजिला भवन के रूप में किया जाएगा जिसमें संतों के निवास हेतु 60 कमरें, एक रसोईघर तथा एक सभागृह के अलावा 4 बड़े कक्ष भी बनाए जाएँगे, जहाँ संतों के साथ आने वाले उनके सहयोगी भी विश्राम कर सकेंगे। भवन का निर्माण कार्य एक से डेढ़ वर्ष की अवधि में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस भवन के निर्माण से अन्नपूर्णा लोक के रूप में नवश्रृंगारित मंदिर के दर्शनार्थ आने वाले संतों और भक्तों के लिए आवास-निवास की पर्याप्त व्यवस्था हो सकेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल सहित अन्नपूर्णा मंदिर के न्यासीगण टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, श्याम सिंघल, पवन सिंघानिया मोयरा, सत्यनारायण शर्मा, सुनील गुप्ता, वजिंदर सिंह छाबड़ा, जगदीश भाई पटेल, निर्मल रामरतन अग्रवाल, किशोर गोयल, विनोद सिंघानिया, भूपेश गुप्ता, गौरव पटेल सहित बड़ी संख्या में आश्रम एवं ट्रस्ट से जुड़े सहयोगी बंधु उपस्थित थे।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### पश्चिम एशिया संकट: तेल और गैस ठिकानों पर हमलों से दुनिया में ऊर्जा संकट का खतरा

ईरान-इजराइल युद्ध में तेल और गैस संयंत्रों पर हमलों से वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। इससे भारत की गैस आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है और शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह चिंता गहरा रही है कि अगर इसका स्वरूप और बिगड़ता गया, तो आने वाले दिनों में संकट का दायरा ज्यादा व्यापक और गंभीर हो सकता है। सच यह है कि इजराइल और अमेरिका के ईरान पर साझा हमले के बाद अब युद्ध ने जो रुख अख्तियार कर लिया है, उसमें शांति की उम्मीद फिलहाल धुंधली लग रही है। हमले के क्रम में जिस तरह स्कूली बच्चों और आम लोगों तक की फिक्र नहीं की गई, उसे लेकर पहले ही अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन के कई सवाल उठे हैं। अब हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हमलों का निशाना अब दोनों पक्षों के तेल और गैस के वे ठिकाने बन रहे हैं, जिसका वैश्विक स्तर पर गंभीर असर पड़ेगा। खासतौर पर युद्ध के आगे बढ़ने के साथ-साथ खाड़ी के कई देशों में हालात बेहद जटिल होते जा रहे हैं। गौरतलब है कि इजराइल ने बुधवार को ईरान में स्थित दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस सुविधा केंद्र पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने गुरुवार को कतर के रास लाफान के ठिकाने को निशाना बनाया, जो वहां मुख्य तरल प्राकृतिक गैस को तैयार करने वाला मुख्य केंद्र है। ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध की वजह से कच्चे तेल की आपूर्ति पहले ही कई स्तरों पर बाधित है और इसका स्वाभाविक असर इसकी कीमतों पर पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों के भीतर कच्चे तेल के दाम में तेज बढ़ोतरी और वैश्विक स्तर पर कमजोरी के रुख से शेयर बाजार में गुरुवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। एक ओर, बीएसई सूचकांक में करीब 2500 अंक की बड़ी गिरावट हुई, वहीं एनएसई निफ्टी 775 अंक लुढ़क गया। जून, 2024 के बाद इसे सूचकांक में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट बताया गया है। इस तरह की स्थिति को कई बार अन्य कारकों से भी जोड़ा जाता है, लेकिन इस बार वैश्विक स्तर पर तस्वीर लगभग साफ है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अब ऊर्जा के बुनियादी ढांचों या तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों में तेजी के बाद कच्चे तेल के दाम में काफी उछाल आया है।

# ईद का सच - खुशी बाँटने में मिलती है, रखने में नहीं

ईद-उल-फ़ित्र केवल एक सामान्य उत्सव नहीं, बल्कि आत्मसंयम, धैर्य और आध्यात्मिक शक्ति की सर्वोच्च विजय का अनुपम प्रतीक है। रमज़ान की तपस्या ने शरीर को शुद्ध किया, मन को स्थिर और अडिग बनाया, और आत्मा में गहरी संतुलन और ताकत भर दी। परिवार और मित्रों के साथ गले मिलना, मिठाइयाँ बाँटना, जरूरतमंदों की मदद करना और नमाज़ पढ़ना केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सौहार्द और एकजुटता का सजीव संदेश है।

### ईद-उल-फ़ित्र: अनुशासन, संयम और आत्मिक विजय का पर्व

### रमज़ान से ईद तक: सच्ची खुशी का आंतरिक और आध्यात्मिक सफर


फाइल फोटो

ईद यह सिखाती है कि असली स्वतंत्रता केवल अनुशासन, आत्मसंयम और सामाजिक जिम्मेदारी में निहित है, और यही मूल्य जीवन को सार्थक, स्थिर और पूर्ण बनाते हैं। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि वास्तविक खुशी बाहरी भोग-भंडार में नहीं, बल्कि आंतरिक शक्ति, साझा संवेदनाओं और मानवता की गहन समझ में है।

ईद-उल-फ़ित्र वह क्षण है जब आत्मा और मन का पुनर्जागरण अपनी पूर्णता पर पहुँचता है। पूरे महीने की अनुशासित दिनचर्या ने दिमाग और आत्मा को संयम, धैर्य और संतुलन का पाठ पढ़ाया है। यह दिन आज की डिजिटल और तुलना-प्रधान दुनिया में वास्तविक मानवीय संबंधों और गहरे संवाद की याद दिलाता है। परिवार और मित्रों के साथ बिताया गया समय, बिना किसी स्क्रीन के खुला संवाद, और दुआएँ जो केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि पूरे समाज और मानवता के कल्याण के लिए होती हैं, भीतर से शांति और नई ऊर्जा भरती हैं। माफी और क्षमा का संदेश इस दिन और भी स्पष्ट रूप से प्रकट होता है, जो हर व्यक्ति के भीतर नई शुरुआत, आत्मविश्वास और जीवन की सच्ची शक्ति जगाता है।

ईद-उल-फ़ित्र केवल त्योहार नहीं, बल्कि रमज़ान के अनुशासन के साथ-साथ आज के समय में पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवन के महत्व का भी प्रेरणादायक संदेश है। इस दिन तैयार होने वाले भोजन को आवश्यकता के अनुसार रखना और अनावश्यक बर्बादी से बचना इस्लामी शिक्षाओं (इसराफ़ न करने) के अनुरूप है। नए कपड़े पहनने की परंपरा न केवल उत्सव की खुशी बढ़ाती है, बल्कि पुराने कपड़ों को दान कर जरूरतमंदों तक पहुँचाने का संदेश भी देती है, जो सस्टेनेबल फैशन को प्रोत्साहित करता है। फितरा और ज़कात गरीबों और अनाथों को शामिल करने का अवसर प्रदान करते हैं, जबकि घर पर और प्राकृतिक तरीके से बनाई गई मिठाइयाँ प्रोसेस्ड फूड के प्रति सतर्कता की प्रेरणा देती हैं। ईद हमें यह सिखाती है कि लालच से दूर रहकर, संसाधनों का सम्मान करके और सामूहिक संतोष अपनाकर, जीवन और समाज में संतुलन कायम किया जा सकता है।

ईद-उल-फ़ित्र युवाओं के लिए केवल त्योहार नहीं, बल्कि आत्मिक और मानसिक सशक्तिकरण का अवसर है। यह दिन उन्हें वर्चुअल दुनिया से बाहर निकलकर असली रिश्तों और संवाद में निवेश करने की प्रेरणा देता है। तनाव और चिंता से जूझ रहे युवाओं के लिए ईद अनुशासन और संयम की ताकत याद दिलाती है, जिससे आत्मविश्वास और साहस बढ़ता है। खेल, मिलन समारोह और सामाजिक गतिविधियाँ टीम भावना, सहयोग और सामूहिक समझ का संदेश देती हैं। असली खुशी सोशल मीडिया में नहीं, बल्कि वास्तविक कनेक्शन और साझा अनुभव में निहित है। यह त्यौहार युवाओं को नई ऊर्जा और उत्साह देता है, ताकि वे अपने सपनों और करियर की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकें।

ईद-उल-फ़ित्र वैश्विक एकता और मानवता का प्रतीक भी है। यह दिन पूरी दुनिया में एकसाथ मनाया जाता है, जो दर्शाता है कि मानवता की सीमाएँ किसी देश या धर्म से बड़ी हैं। युद्ध और विभाजन के समय में यह प्रेम, भाईचारे और सहयोग का संदेश फैलाती है। गिफ्ट्स का आदान-प्रदान केवल वस्तुएँ नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक पुल बनाता है। हर धर्म और समुदाय इसके संदेश से प्रेरित होकर बलिदान, त्याग और एकजुटता का महत्व समझ सकता है। ईद की नमाज़ वैश्विक प्रार्थना है, जो शांति, सहिष्णुता और सहयोग की कामना करती है और सिद्ध करती है कि छोटी परंपराएँ भी बड़े बदलाव की नींव रख सकती हैं।

ईद-उल-फ़ित्र जीवन में सफलता, संतोष और खुशहाली की राह दिखाती है। यह बताती है कि अनुशासन, धैर्य और सामूहिकता ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। यह त्योहार हर अंधेरे के बाद रोशनी का प्रतीक है और मानव जीवन को नई दिशा देता है। सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि हमारे भीतर छिपा है—ईद बार-बार इस सत्य को याद दिलाती है। इसकी आत्मा अपनाई जाए तो यह समाज और दुनिया दोनों को बदल सकती है। ईद नए सपनों और संभावनाओं की शुरुआत है, जो हर साल नई ऊर्जा और उत्साह के साथ लौटती है और जीवन को सुंदर बनाती है।

खुशी का असली सार केवल प्राप्त करने में नहीं, बल्कि देने और बाँटने में छिपा है—और ईद इसी संदेश को जीवंत करती है। यह पर्व प्रेम, क्षमा, सहयोग और मानवता की शक्ति को उजागर करता है। हर दुआ, दान और साझा आनंद केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक, समृद्ध और संतुलित बनाने का अभ्यास है। आज की तेज़-तर्रार और क्षणिक सुखों में उलझी दुनिया में, ईद हमें यह याद दिलाती है कि आत्मा की संतुष्टि और भीतर से महसूस की जाने वाली खुशी ही सबसे स्थायी, शुद्ध और सच्ची खुशी है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**
बड़वानी (मप्र)

## आंचलिक

# 'सम्राट विक्रमादित्य' का मंचन 500 से ज्यादा लोग हुए शामिल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • हिंदू नववर्ष (गुड़ी पड़वा) के अवसर पर गुरुवार विक्रम महोत्सव के तहत सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज ऑडिटोरियम में संस्कृति विभाग और महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ के कलाकारों ने 'सम्राट विक्रमादित्य' नाटक का मंचन किया, जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक और नपाध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम में शिक्षा और सनातन धर्म से जुड़े 500 से अधिक लोग शामिल हुए, वहीं गायत्री परिवार ने चौराहों पर लोगों को तिलक लगाया और शहर के प्रमुख मंदिरों में ब्रह्मध्वज स्थापित किए गए। कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रदेश के संस्कृति विभाग और महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ के कलाकारों ने 'सम्राट विक्रमादित्य' नाटक का मंचन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार और नपाध्यक्ष छाया जोशी ने किया। अतिथियों ने हिंदू नववर्ष की बधाई दी और सरकार के उन प्रयासों की सराहना की, जिनके तहत देश के गौरवशाली इतिहास को जनता के सामने रखा जा रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नाग दिवे, सीएमओ कमला कौल सहित 500



से अधिक शिक्षा और सनातन धर्म से जुड़े लोग उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को 'भारत का नववर्ष विक्रम संवत' विषय पर एक विशेष पुस्तिका भी वितरित की गई। इस पुस्तिका में भारतीय नववर्ष की परंपरा, इतिहास और इसके महत्व की विस्तृत जानकारी शामिल थी। गुड़ी पड़वा के अवसर पर शहर में गायत्री परिवार ने विभिन्न चौराहों पर लोगों को तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही, विक्रम संवत् नववर्ष के अवसर पर शहर के सिद्धि विनायक सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में विधि-विधान से ब्रह्मध्वज भी स्थापित किए गए।

# शराब दुकानों की नीलामी से 300 करोड़ का राजस्व, 40% ज्यादा में छूटे ठेके

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** •नए वित्तीय वर्ष के लिए खंडवा जिले में शासन ने 74 शराब दुकानों की नए सिरे से नीलामी की है, जिससे सरकार को 300 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है और फिलहाल दो दुकानों की नीलामी होना बाकी है। जिले में पहली बार 40 प्रतिशत ज्यादा राजस्व के साथ शराब दुकानों के ठेके उठाए गए हैं। 17 ग्रुप की 74 दुकानों के लिए खुले टेंडर में सरकार ने शराब पीने वालों से करीब 300 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त किया है। जिले में अभी दो ग्रुप की नीलामी बाकी है, जिसके बाद राजस्व का यह आंकड़ा करीब 340 करोड़ रुपए से ज्यादा तक चला जाएगा। शासन को इस बार 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 290 करोड़ रूपए के राजस्व की अपेक्षा थी। पिछले साल की तुलना में जहां 40 प्रतिशत की ग्रोथ हुई है, वहीं शासन को अपेक्षा से 50 करोड़ रूपए ज्यादा मिलने वाले हैं। पिछले साल यानी चालू वित्तीय वर्ष में सरकार ने 20 प्रतिशत ग्रोथ के साथ ठेके रिन्यूअल किए थे, लेकिन इस बार नए सिरे से टेंडर होने के चलते भारी उलटफेर दिखा है।

# हरसूद में राष्ट्र स्तरीय 'आदिरंग' महोत्सव, 10 राज्यों के कलाकार आएंगे, जनजातीय संस्कृति की झलक दिखेगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • जनजातीय नृत्य, संगीत और शिल्प कलाओं को समर्पित 3 दिवसीय 'आदिरंग' महोत्सव का शुभारंभ 20 मार्च को नया हरसूद के स्टेडियम ग्राउंड में शाम 6.30 बजे होगा। यह आयोजन 20 से 22 मार्च तक चलेगा, जिसमें प्रदेश और देशभर की जनजातीय कला व संस्कृति की विविध प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। इस आयोजन में प्रवेश पूर्णत: निशुल्क रहेगा। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह रहेंगे। दूसरे दिन केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके मुख्य अतिथि होंगे, जबकि तीसरे दिन महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया की उपस्थिति रहेगी। तीनों दिनों में विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं जनप्रतिष्ठित लोग विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### तीन दिन, अलग-अलग कार्यक्रम

**20 मार्च (शुक्रवार):** भीली जल कथा नृत्य-नाट्य, भगोरिया नृत्य, करमा-फाग, राठवा होली और सिंगारी नृत्य जैसी प्रस्तुतियां होंगी।

**21 मार्च (शनिवार):** भीली गायन, नर्मदा प्रवाह नृत्य-नाटिका, बरेदी, लहंगी, गणगौर और ढीमसा नृत्य दर्शकों को आकर्षित करेंगे।

**22 मार्च (रविवार):** वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य-नाट्य, मटकी नृत्य, करमा सैला, ठाट्या, गुसाड़ी और नटुआ नृत्य के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# टैगोर पार्क में कंटूर खोदकर मंत्री-अफसरों ने श्रमदान किया मंत्री शाह ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का शुभारंभ किया

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खंडवा** • जिले में गुरुवार को तीसरे 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का भव्य शुभारंभ हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम शहर के टैगोर पार्क में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने जल संरक्षण का संदेश देते हुए जल ग्रहण संरचना निर्माण के लिए श्रमदान किया। कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा और नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

मंत्री डॉ. विजय शाह ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत प्रदेश के सभी जिलों, नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में जल स्त्रोतों और नदियों के किनारे की जा रही है। यह अभियान करीब साढ़े तीन महीने तक चलेगा और इसका समापन 30 जून को होगा।

### 18 विभाग मिलकर करेंगे काम

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जानकारी दी कि इस अभियान में सरकार के कुल 18 विभाग शामिल रहेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को नोडल विभाग और नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग को सह-नोडल विभाग बनाया गया है। अभियान के तहत जल संरक्षण, संवर्धन और संरचनाओं के निर्माण पर विशेष जोर रहेगा। गुड़ी पड़वा के अवसर पर विक्रमोत्सव-2026 के तहत स्थानीय किशोर कुमार सभागृह में 'सूर्य उपासना' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री डॉ. विजय शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्म ध्वज वंदन से हुई। इसके बाद 'नट निमाड़' कला समूह ने श्री विजय सोनी के निर्देशन में 'सम्राट विक्रमादित्य' नाट्य का मंचन किया, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा।

# तीन दिन ओला-बारिश का अलर्ट, खेतों में पड़ी 60% गेहूं की फसल पर खतरा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • गुरुवार को अचानक मौसम बदल गया और 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। इस बदलाव से 39 डिग्री के तापमान वाली गर्मी से राहत तो मिली है, लेकिन खेतों में खड़ी 60 प्रतिशत गेहूं की फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है। खरगोन में तेज गर्मी के बीच बुधवार रात गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हुई और गुरुवार सुबह भी हल्की बारिश दर्ज की गई। इस दौरान 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं, जिससे 39 डिग्री सेल्सियस तापमान वाली गर्मी से लोगों को राहत मिली। जिले में इन दिनों गेहूं की कटाई का काम चल रहा है, लेकिन लगभग 60 प्रतिशत फसल अभी भी खेतों में खड़ी है या कटाई के बाद पड़ी हुई है। अचानक बदले मौसम और ओलावृष्टि की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसान अपनी कटी हुई फसल को बारिश से बचाने के लिए उसे प्लास्टिक तिरपाल से ढंकने का प्रयास कर रहे हैं। वड़ा गांव के किसान वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया, 'ओला-बारिश से तैयार फसल खराब होने का डर है।' इस साल खरगोन जिले में 1.65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बुवाई की गई थी, जिसमें से लगभग 70 हजार हेक्टेयर में कटाई पूरी हो चुकी है।

# जिला अस्पताल में अवकाश पर ओपीडी खुलेगी

**दैनिक इंदौर संकेत**




**बुरहानपुर** • जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक नई पहल की गई है। 20 मार्च को अवकाश होने के बावजूद अस्पताल की ओपीडी खुली रहेगी। आमतौर पर छुट्टियों में ओपीडी बंद रहती है, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस दिन ओपीडी सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित की जाएगी। यह निर्णय सिविल सर्जन डॉ. दर्पण टोके ने स्टाफ के साथ बैठक में लिया। दरअसल, 19 मार्च को नवसंवत्सर, 20 मार्च को चेट्रीचंड, 21 मार्च को ईद-उल-फितर और 22 मार्च को रविवार होने के कारण लगातार चार दिन का अवकाश है। इन लंबी छुट्टियों के चलते मरीजों को होने वाली संभावित दिक्कतों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

इस पहल से ब्लड प्रेशर, शुगर और अन्य बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को डॉक्टर से परामर्श लेने और दवाइयां प्राप्त करने में सुविधा होगी। जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. गौरव थावानी ने भी इस निर्णय की पुष्टि की है। सामान्य दिनों में जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 250 से 300 मरीज पहुंचते हैं। ओपीडी का नियमित समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे और शाम 5 बजे से 6 बजे तक रहता है। 20 मार्च को विशेष रूप से सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी संचालित होगी, ताकि मरीज बिना किसी परेशानी के उपचार और दवाइयां प्राप्त कर सकें।



# फुटबॉल में 900 गोल करने वाले मेसी दूसरे खिलाड़ी बने

**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी) •** अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी अपने करियर में 900 गोल करने वाले दूसरे फुटबॉल खिलाड़ी बन गए हैं। इस उपलब्धि के साथ ही वह क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की खास जमात में शामिल हो गए। 38 साल मेसी ने चेज स्टेडियम में कॉन्काकैफ चैंपियंस कप में नैशविले एफसी के साथ इंटर मियामी के 1-1 से ड्रॉ रहे मैच की शुरुआत में ही गोल करके यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। हालांकि, इस मैच के बाद इंटर मियामी टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इस मुकाबले में मेसी ने अपना 900वां गोल बाएं पैर से किया। उन्होंने अपना पहला गोल 17 साल की उम्र में बार्सिलोना के लिए किया था। उनके सीनियर फुटबॉल करियर के पहले गोल के ठीक 21 साल बाद यह 900वां गोल आया। मैच के बाद इंटर के मैनेजर जेवियर माशेरानो ने कहा, 'मैं बस एक सौभाग्यशाली दर्शक हूं, न इससे ज्यादा, न इससे कम। मैंने उनके गोल करने में अधिक योगदान नहीं दिया है न तो असिस्ट (गोल में मदद) देकर, और न ही अब एक कोच के तौर पर।' माशेरानो ने कहा, 'मैं इतना खुशकिस्मत रहा हूं कि मैंने उनके किए गए ज्यादातर या कई गोलों को आप सबसे कहीं अधिक करीब से देखा है, और यह अपने आप में एक बहुत बड़ा सौभाग्य है। जिस आंकड़े 900 की हम बात कर रहे हैं, वह अविश्वसनीय है, और यही वजह है कि लियो मेसी जैसा कोई दूसरा नहीं है।'

# भारत में होगी विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, भुवनेश्वर में आयोजन तय

**नई दिल्ली (एजेंसी) •** पोलैंड में गुरुवार को विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक हुई। इस बैठक में भारत को प्रतिष्ठित विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार सौंपे गए, जिसका आयोजन भुवनेश्वर में किया जाएगा। यह पहली बार है जब भारत किसी प्रमुख विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह फैसला पोलैंड के तोरून में 2025 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय संस्था की बैठक में लिया गया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने इस साल की शुरुआत में विश्व इंडोर चैंपियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने पोलैंड से पीटीआई को बताया कि भारत को साल 2028 के लिए विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है। जनवरी में विश्व एथलेटिक्स की दो सदस्यीय टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम परिसर में बनी अत्याधुनिक इंडोर सुविधा का दौरा किया था। ओडिशा सरकार के अधिकारी भी पोलैंड के शहर गए थे। एएफआई के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि यह घटनाक्रम अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय एथलेटिक्स के बढ़ते कद का संकेत है।



उन्होंने कहा कि भारत को 2028 विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप मिलना भारतीय एथलेटिक्स के बढ़ते कद का प्रतीक है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने भी 2028 विश्व इंडोर चैंपियनशिप की मेजबानी करने में दिलचस्पी दिखाई थी। यह प्रतियोगिता हर दो साल में आयोजित की जाती है। विश्व इंडोर चैंपियनशिप में आम तौर पर 26 स्पर्धाएं होती हैं, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए 13-13 स्पर्धाएं शामिल हैं। लेकिन पोलैंड के इस चरण में चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले पहली बार कराई जाएगी।

# 100वें टी-20 मैच में निडरता के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराना चाहती हूं: गार्डनर

**सेंट विंसेंट (एजेंसी) •** ऑस्ट्रेलिया की मध्य क्रम की बल्लेबाज एश्ले गार्डनर ने गुरुवार को कहा कि वह अपने 100वें अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच में पहले की तरह निडरता के साथ बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने चाहती है। आज यहां गार्डनर वेस्टइंडीज के खिलाफ मैदान में उतरने के साथ ही सातवीं ऐसी महिला खिलाड़ी बन जाएंगी जो ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेलेंगी। टी-20 विश्व कप से पहले यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। वह 2017 में एक विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर आई थी। डब्ल्यूबीबीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद, 19 साल की उम्र में ही उसे अपने देश के लिए खेलने के लिए चुन गया था। गार्डनर ने कहा, 'इस प्रारुप में, मध्यक्रम में मेरी भूमिका कभी-कभी बेहद चुनौतीपूर्ण होती



है, हो सकता है कि आप तब बल्लेबाजी करने आएं जब टीम मजबूत स्थिति में हो, या फिर तब जब हम अच्छी स्थिति में न हों। इसमें सबसे जरूरी है कि आप स्थिति को बहुत तेजी से समझें और अपने खेल की गति को भी बहुत जल्दी से बदलें। शायद यह एक ऐसी चीज है जिसे मैं इस प्रारुप में लंबे समय से बहुत अच्छे से नहीं कर पा रही थी।


# शहनाज गिल के नए गाने 'बंजे दारू' ने खींचा दर्शकों ध्यान

**मुंबई (एजेंसी) •** कलाकार किसी नए अंदाज में दर्शकों के सामने आता है तो फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ जाती है। आजकल सोशल मीडिया और म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर एक ऐसा ही गाना सुर्खियों में है। अभिनेत्री और सिंगर शहनाज गिल अपने नए गाने 'बंजे दारू' के साथ दर्शकों के बीच आई हैं, जिसने रिलीज होते ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। यह गाना यूट्यूब के लोकप्रिय चैनल हंबल म्यूजिक पर रिलीज किया गया है। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता और गायक गिप्पी ग्रेवाल ने इस गाने को प्रस्तुत किया है। इस ट्रैक को खुद शहनाज गिल ने अपनी आवाज दी है, जिससे यह गाना उनके फैंस के लिए और भी खास बन गया है। गाने का संगीत ब्लैक वायरस ने तैयार किया है, जबकि इसके बोल कप्तान ने लिखे हैं। इसकी धुन काफी आसान और आकर्षक है, जिसे सुनते ही श्रोताओं का मन झूमने को करता है। यही कारण है कि यह गाना तेजी से लोगों के पसंदीदा ट्रैक्स की सूची में शामिल होता जा रहा है। गाने के म्यूजिक वीडियो में शहनाज गिल का अंदाज बेहद ग्लैमरस और स्टाइलिश नजर आता है। वीडियो में वह आकर्षक लुक और कॉन्फिडेंट अंदाज में दिखाई देती हैं, जो पूरे गाने को और भी दिलचस्प बनाता है। रंगीन सेट और पार्टी वाइब के साथ यह वीडियो दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। अपने इस नए गाने को लेकर शहनाज गिल ने भी खुशी जाहिर की है।



# शो में बचपन की यादों में खोते नजर आए अक्षय कुमार

**मुंबई (एजेंसी) •** क्विज रियलिटी शो व्हील ऑफ फार्च्यून की मेजबानी कर रहे बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने बचपन से जुड़ा एक दिलचस्प अनुभव साझा किया। शो के एक एपिसोड में अक्षय कुमार बचपन की यादों में खोते नजर आए। उन्होंने बताया कि उनके पिता पहलवान थे और घर का माहौल हमेशा खेल और मार्शल आर्ट्स से जुड़ा रहता था। उनके अनुसार बचपन से ही घर में मार्शल आर्ट्स, कुश्ती और रेसलिंग की चर्चा आम बात थी। अक्षय ने बताया कि उनके पिता पेशेवर पहलवानों को जानते थे और



कई बार उन्हें उन्हीं पहलवानों के साथ कुश्ती लड़ने के लिए कहते थे। अभिनेता ने कहा कि उस समय ये मुकाबले काफी कठिन होते थे, लेकिन उन्हीं अनुभवों ने उन्हें मजबूत बनाया और आज वही चीजें उनके काम आ रही हैं। शो में मौजूद प्रतियोगियों ख्याति रॉय, मीतू तनेजा और आकाश शर्मा के साथ बातचीत के दौरान अक्षय ने माता-पिता और बच्चों के रिश्ते पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि बचपन में मिले ये अनुभव न सिर्फ शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को मजबूत करते हैं। यही वजह है कि आज उनकी एक्शन फिल्मों में दिखाई देने वाले स्टंट और परफॉर्मेंस में यह आत्मविश्वास साफ नजर आता है।

## उज्जैन संभाग

# महाकाल मंदिर में महानिर्वाणी अखाड़े के महंत का इस्तीफा

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन •** महाकालेश्वर मंदिर स्थित महानिर्वाणी अखाड़े के महंत गादीपति विनीत गिरी महाराज ने गुरुवार को पद से इस्तीफा दे दिया। महाकाल मंदिर में महंत की पदवी से इस्तीफे की खबर के बाद चर्चाओं को दौर शुरू हो गया। विनीत गिरी ने इस्तीफे की खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि लगातार अस्वस्थ होने के चलते अखाड़े को इस्तीफा भेजा है। लेकिन अब तक अखाड़े ने इस पर कोई भी निर्णय नहीं लिया है। करीब 6 साल पहले 13 मार्च को महाकाल मंदिर स्थित महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से विनीत गिरि महाराज को महंत के पद पर विराजमान कराया गया था। अखाड़े के पदाधिकारियों व अन्य साधु-संतों ने पहले उन्हें चादर ओढ़ाकर उन्हें अखाड़े की गादी प्रदान की थी। जिसके बाद से विनीत गिरी ने महाकालेश्वर में भस्म अर्पित करने व ओंकारेश्वर व रामेश्वर मंदिर में पूजन की जिम्मेदारी महंत के रूप में संभाली थी। इससे पहले इस गादी पर महंत प्रकाश पुरी पदस्थ थे। उन्होंने भी स्वास्थ्य कारणों से यह पद छोड़ दिया था। मंदिर प्रबंध



समिति ने इसके बाद भस्मआरती की जिम्मेदारी अखाड़े के ही गणेश पुरी को दी थी। वहीं ओंकारेश्वर व रामेश्वर मंदिर में पूजन के लिए मंदिर समिति के शासकीय पुजारियों को पाबंद किया था। 12 मार्च 2020 को अखाड़े की ओर से पत्र लेकर विनीत गिरि उज्जैन आए थे। उन्होंने पत्र मंदिर समिति के तत्कालीन प्रशासक एसएस रावत को दिया था। इसके बाद मंदिर समिति की बैठक बुलाकर महंत विनीत गिरि को दी जिम्मेदारी का अनुमोदन कर दिया था। जिसके बाद से ही लगातार महानिर्वाणी अखाड़े के महंत के रुप में विनीत गिरी अपनी सेवा महाकाल मंदिर में दे रहे थे।

# गुड़ी पड़वा पर शिप्रा तट पर आतिशबाजी और ड्रोन शो, सीएम मोहन यादव ने नैवेद्य लोक का लोकार्पण किया

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन •** गुड़ी पड़वा के अवसर पर सुबह हिंदू नववर्ष और विक्रम संवत का आगाज गुरुवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ हुआ। सुबह रामघाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे और शिप्रा नदी में स्नान-पूजन कर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। शाम को ड्रोन शो आतिशबाजी के बाद पार्श्वगायक विशाल मिश्रा ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य ड्रोन शो,लेजर शो और आकर्षक आतिशबाजी रही, जिसने शिप्रा तट के आकाश को रोशनी और रंगों से भर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ का विक्रम पंचांग 2083,संस्कृति संचालनालय का कला पंचांग, बिमल कृष्ण दास की 84 महादेव,रामस्वरूप दास की ओरछाधीश,वीर भारत न्यास के महर्षि अत्रि ,महर्षि अंगिरा,धनवंतरी,महर्षि अगस्त्य, भरत मुनि के भारत निधि मोनोग्राफ,महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ की अष्टावक्र गीता,नारद गीता, ब्राह्मण गीता,गर्भ गीता,उत्तर गीता का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 का आयोजन आस्था,आध्यात्म और प्रकृति



का अद्भुत समागम होगा। सिंहस्थ 2028 के मुख्य राजसी स्नान और अन्य स्नान शिप्रा के जल से हो यह सुनिश्चित करने के लिए सिलारखेड़ी सेवारखेड़ी परियोजना प्रगतिरत है। वर्तमान के दौर में सोशल मीडिया बहुत महत्वपूर्ण है । सीएम ने कहा कि आज जब दुनिया आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन का उपयोग युद्ध में कर रही है। । वहीं ड्रोन तकनीक उज्जैन में देवी-देवताओं की झलक आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रही है। देर शाम मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नानाखेड़ा क्षेत्र में विकसित 36 दुकानों के कॉम्प्लेक्स 'नैवेद्य लोक' का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों पर आइसक्रीम और गर्म दूध का आनंद भी लिया। साथ ही देवास रोड स्थित करीब 8.30 करोड़ रुपए की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय स्तर के तरणताल का लोकार्पण किया। इस आधुनिक तरणताल में 25म50 मीटर का मुख्य पूल, बच्चों के लिए अलग पूल, 200 से अधिक क्षमता वाली दर्शक दीर्घा, पार्किंग, फूड कोर्ट, फिल्टर प्लांट, शावर और वेटिंग रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### गायक विशाल मिश्रा ने दी प्रस्तुती

रात में शहर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें ड्रोन शो और लेजर शो मुख्य आकर्षण रहे। राम घाट दत्त अखाड़ा घाट पर मुख्यमंत्री की मौजूदगी में लेजर शो की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। वहीं प्रसिद्ध गायक विशाल मिश्रा ने शिप्रा तट पर अपने गीतों से माहौल को भक्ति और उत्साह से भर दिया। विक्रम महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि एक ओर ड्रोन तकनीक से हम भगवान के दर्शन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इसका दुरुपयोग किस तरह हो रहा है, यह बताने की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान उन्होंने शिप्रा नदी में नौकायन भी किया।

# रिजर्वेशन कार्यालय के पास मिलेंगे सामान्य टिकट, प्लेटफॉर्म एक से शिफ्ट करेंगे काउंटर

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन •** प्लेटफॉर्म नंबर एक पर स्थित सामान्य टिकट काउंटर को रिजर्वेशन कार्यालय के पास शिफ्ट किया जाएगा। इसका लाभ सिंहस्थ में आने वाले यात्रियों को मिलेगा। महाप्रबंधक, पश्चिम रेलवे (प्रभारी) प्रदीप कुमार ने यह बात कही। वे बुधवार को यहां आए। उन्होंने सिंहस्थ, निर्माण कार्यों, ट्रेन के संचालन से लेकर यात्री सुविधाओं को लेकर चर्चा की। महाप्रबंधक ने कहा कि सिंहस्थ के लिए रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी है। इसमें उज्जैन के पास सबस्टेशन को नया रूप दिया गया है। यात्रियों की सुविधा के अनुसार ट्रेन का संचालन भी बढ़ाया जाएगा। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को रेलवे का पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके



अलावा जनता खाना क्यों बंद किया, इस संबंध में उनका कहना है मुख्यालय से जानकारी लेंगे और उसे जल्द ही शुरू करवाया जाएगा। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य महेंद्र गादिया, विजय अग्रवाल और राजेश शर्मा ने उन्हें मांगों से अवगत करवाया।

# एसपी कार्यालय परिसर में जब्त वाहनों में आग, धुआं के साथ उठने लगी लपटें

दैनिक इंदौर संकेत

**आगर मालवा •** गुरुवार सुबह पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय परिसर में खड़े जब्त वाहनों में भीषण आग लग गई। इस घटना में कई वाहन जलकर खाक हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि परिसर में खड़े वाहनों से अचानक धुआं उठने लगा, जो देखते ही देखते तेज लपटों में बदल गया। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदारों और लोगों ने कोतवाली थाना पुलिस को जानकारी दी। डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आग की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को भी तत्काल बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



हालांकि, तब तक कई जब्त वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे। आग की लपटें इतनी भीषण थीं कि पूरे परिसर में धुएं का गुबार छा गया था। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या अन्य तकनीकी कारणों की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। इस घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन संपत्ति का काफी नुकसान हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### लवकुश चौराहे पर भारी बदलाव, 19-20 को बदला रहेगा ट्रैफिक रूट

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● लवकुश चौराहे पर निर्माणाधीन लेवल-दो फ्लाईओवर के लिए एमआर 10 सुपर कॉरिडोर के ट्रैफिक का डायवर्जन किया जा रहा है। बोव स्ट्रिंग गिर्डर के इरेक्शन का काम 19-20 मार्च को रात्रि 11 बजे से सुबह सात बजे के मध्य किया जाना है, इस दौरान चौराहे पर एम.आर.-10 सुपर कॉरिडोर मार्ग (विजय नगर से एयरपोर्ट) पर दोनों ओर के यातायात को डायवर्ट किया जाना है। जो वाहन एयरपोर्ट, सुपर कॉरिडोर रोड के रास्ते से भोरासला होते हुए उज्जैन, एमआर 10, विजयनगर या उससे आगे जाना चाहते है, उक्त वाहन चौराहा से सर्विस रोड से लेफ्ट लेकर (भोरासला और अरविंदो के बीच शिवशक्ति एवरफ्रेश गली) उज्जैन रोड पर निकलेंगे।

### मंदे धंधे पर भी व्यापारियों को जीएसटी के नोटिस

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● कर चोरी पर नोटिस भेजने वाला जीएसटी विभाग अब व्यापार मंदा होने पर भी कारोबारी से जवाब मांग रहा है। तमाम बड़े व्यापारियों को केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) विभाग की ओर से नोटिस पहुंच रहे हैं। व्यापारी की किसी अनियमितता और टैक्स चोरी पर नहीं बल्कि उसका धंधा क्यों मंदा है, अधिकारी इस पर सवाल-जवाब कर रहे हैं। विभाग व्यापारी से यह भी कह रहा है कि उसका व्यापार 20 प्रतिशत की दर से बढ़ना चाहिए। व्यापारी और कर पेशेवर इन मनमाने नोटिसों से हैरान नहीं बल्कि नाराज नजर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि कर संग्रहण करने वाले विभाग के अधिकारी अपना टारगेट पूरा करने के लिए सीधे तौर पर व्यापारियों को धमका रहे हैं। इंदौर से लेकर सतना तक तमाम बड़े व्यापारियों के पास सीजीएसटी की ओर से ऐसे नोटिस भेजे जा रहे हैं। नोटिस में लिखा जा रहा है कि जीएसटी प्रभाग के शीर्ष करदाताओं की सूची में आपका नाम आता है। यह देखा गया है कि आपके द्वारा जीएसटी के रूप में जमा किया गया कर भुगतान पिछले वर्ष की तुलना में कम या अस्थिर है।

## मास्टर प्लान की नई सड़क का शुभारंभ नहीं हो पाया, कई हिस्सों में सड़कों की हालत बेहद खराब है

# होली-रंगपंचमी के बाद भी नहीं दौड़ी इंदौर के विकास की रफ्तार

### निर्माणाधीन मास्टर प्लान की 10 सड़कों पर भी कार्य सुस्त

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● होली और रंगपंचमी के बाद शहर में मास्टर प्लान की सड़कों के काम में तेजी आने की उम्मीद थी। माना जा रहा था कि त्योहारों के बाद निर्माण कार्य पूरी रफ्तार पकड़ेंगे और लंबे समय से अधूरी पड़ी सड़कें जल्द ही आकार लेने लगेंगी। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। न तो किसी नई मास्टर प्लान सड़क का काम शुरू हुआ है और न ही पहले से चल रही करीब 10 सड़कों के निर्माण में कोई खास प्रगति दिखाई दे रही है। जिम्मेदार विभागों की सुस्ती अब सीधे तौर पर आम जनता की परेशानी का कारण बन रही है।

गड्ढों और धूल से जूझ रहे लोग

शहर के कई हिस्सों में सड़कों की हालत बेहद खराब है। कहीं अधूरी खुदाई पड़ी है, तो कहीं गिट्टी और मलबा रास्ते में फैला हुआ है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। धूल और ट्रैफिक जाम ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। नगर निगम और संबंधित एजेंसियों की ओर से पहले यह कहा गया था कि होली और रंगपंचमी के बाद काम तेज कर दिया जाएगा। लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। न मशीनें सक्रिय हैं और न ही मजदूरों की संख्या में कोई बढ़ोतरी



हुई है। महापौर और निगम आयुक्त लगातार मास्टर प्लान की सड़कों का निरीक्षण करने भी पहुंच रहे हैं, लेकिन उनके दिशा-निर्देश का भी असर निर्माण करने वाली एजेंसी पर नहीं दिख रहा है।

3 मास्टर प्लान की सड़कों के लिए नगर निगम को केंद्र से फंडिंग हुई है। इसमें से 10 का काम तो शुरू हो चुका है, लेकिन रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। वहीं शहर के मध्य में जो मास्टर प्लान की सड़कें बनाई जाना है, उनका कार्य शुभारंभ करने की निगम हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। कारण इसकी चौड़ाई को लेकर पेंच फंसा हुआ है। नवलखा से छावनी होते हुए दवा बाजार तक सड़क 80 फीट चौड़ी होना है, लेकिन व्यापारियों के विरोध के चलते ऐसा नहीं हो पा रहा है। यही हालत सुभाष मार्ग की है।

***नहीं हो पाया पूरे शहर की सड़कों पर पेच वर्क***-*नगर निगम ने बारिश बाद शहर की सड़कों का पेच वर्क का काम शुरू किया था, लेकिन पूरी सर्दी का मौसम खत्म होने के बाद भी वो पूरा नहीं हुआ है। शहर की ऐसी कई सड़कें हैं, जहां वाहन चालकों का चलना दूभर हो रहा है। रिंग रोड पर तो बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं। वहीं शहर की कालोनियों में भी पेचवर्क का काम पूरा नहीं हुआ है और बारिश के बाद जो सड़कों की हालत बिगड़ी हुई थी। जस के तस पड़ी हुई हैं। हालत यह है कि पार्षद की भी निगम में सुनवाई नहीं हो रही है।*

# विजयपुर विधायक बने रहेंगे मुकेश मल्होत्रा सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाया स्टे

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● सुप्रीम कोर्ट ने मुकेश मल्होत्रा की विधायकी को बरकरार रखते हुए एमपी हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच के उस फैसले पर स्टे लगा दिया है, जिसमें रामनिवास रावत को विधायक घोषित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट में मुकेश मल्होत्रा का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने रखा। उनकी दलीलें सुनने के बाद अदालत ने मल्होत्रा को राहत दी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की डबल बेंच ने मुकेश मल्होत्रा को विधायक के तौर पर बने रहने की इजाजत तो दे दी। हालांकि साथ ही ये भी कहा कि जब तक आखिरी फैसला नहीं आता, तब तक कुछ पाबंदियां लागू रहेंगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने रखीं ये शर्तें

**वोट नहीं डाल सकेंगे मल्होत्रा**-मुकेश मल्होत्रा फिलहाल राज्यसभा चुनाव में वोट नहीं डाल सकेंगे। इसका मतलब है कि जून में होने वाले राज्यसभा चुनाव में वे अपना वोट नहीं दे पाएंगे।

**वेतन भी नहीं मिलेगा**-इसके अलावा, जब तक कोर्ट इस मामले में अपना आखिरी फैसला नहीं सुनाता, मुकेश को विधायक के तौर पर मिलने वाला वेतन और भत्ते नहीं दिए जाएंगे। हालांकि, यह अभी साफ नहीं है कि उन्हें विधायक निधि मिलेगी या नहीं। वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने बताया कि इस मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।



**ये सत्य, न्याय, लोकतंत्र और संविधान की जीतः जीतू**

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय से भाजपा के सियासी षड्यंत्र फिर नाकाम हुए हैं! उम्मीद की जानी चाहिए कि लोकतंत्र और संविधान के अपमान का आदतन अपराध करने वाली बीजेपी इस कानूनी-सबक को हमेशा याद रखेगी!

**सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाया स्टे**-दरअसल, एमपी हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने क्रिमिनल केस छिपाने के आरोप में मुकेश मल्होत्रा का चुनाव शून्य घोषित कर दिया था और भाजपा के नेता रामनिवास रावत को विजेता माना था। इसके बाद, मल्होत्रा ने हाईकोर्ट में ही एक आवेदन दिया और अपील करने के लिए कुछ समय मांगा था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह साफ किया कि मुकेश मल्होत्रा के पास सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के लिए 15 दिन का समय था।

**सियासी सफरः जब दोनों दिग्गजों ने बदली थी राह**-विजयपुर की राजनीति में मुकेश मल्होत्रा और रामनिवास रावत, दोनों का कद काफी बड़ा है। रोचक तथ्य यह है कि दोनों ने ही चुनाव से पहले पाला बदला था। पूर्व राज्यमंत्री मुकेश मल्होत्रा ने 2 मई 2024 को प्रियंका गांधी की उपस्थिति में कांग्रेस (मुकेश मल्होत्रा कांग्रेस) का हाथ थामा था। इससे पहले 2023 के विधानसभा चुनाव में वे निर्दलीय लड़े थे और 45 हजार वोट हासिल कर अपनी ताकत दिखाई थी। वहीं, क्षेत्र के 70 हजार से ज्यादा सहरिया आदिवासी वोटों के गणित ने इस पूरी लड़ाई को और भी दिलचस्प बना दिया है।

# पूर्व ओआरटीओ सुनील तिवारी की पत्नी डॉ. बृजबाला के खिलाफ स्कॉलरशिप घोटाले में चालान

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर में एआरटीओ रहे सुनील तिवारी की पत्नी और एलटीएच अस्पताल की प्रमुख डॉ. बृजबाला तिवारी के खिलाफ लोकायुक्त ने चालान पेश किया है। यह 12 साल पहले हुए पैरामेडिकल स्कॉलरशिप घोटाले में है। इंदौर में एआरटीओ रहे सुनील तिवारी की पत्नी और एलटीएच (लाइफ केयर हॉस्पिटल) की प्रमुख डॉ. बृजबाला तिवारी के खिलाफ लोकायुक्त ने चालान पेश किया है। यह चालान साल 2014 में इंदौर में हुए चर्चित पैरामेडिकल कॉलेज स्कॉलरशिप घोटाले को लेकर है। इसमें 12 साल की जांच के बाद लोकायुक्त इंदौर द्वारा एक-एक कॉलेज संचालकों के खिलाफ चालान पेश किया जा रहा है। लोकायुक्त पुलिस ने आरोप लगाए हैं कि इनके एलएलएच पब्लिक ट्रस्ट के एलटीएच इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज एंड रिसर्च सेंटर में स्कॉलरशिप घोटाला हुआ है। इसमें ट्रस्ट की चेयरपर्सन डॉ. बृजबाला तिवारी और संस्थान के प्राचार्य कैप्टन प्रकाश डोसी आरोपी हैं। इस पर लोकायुक्त में अपराध क्रमांक 547/2014 के तहत आईपीसी धारा 420, 467, 468, 471, 406 और 120बी के तहत केस दर्ज किया गया है।

आरोप है कि इनके संस्थान में 160 छात्रों ने एडमिशन लिया। इसमें से 156 की स्कॉलरशिप राशि 31 लाख 17 हजार 560 का घोटाला किया गया। इनके फार्म फर्जी तरीके




से भरे गए थे। साथ ही, इन्हें संस्थान में एडमिशन दिखाकर सरकार से स्कॉलरशिप राशि ली गई। इसमें से छह छात्र, महेंद्र डाबर, मनीष सोलंकी, मोहन मुवेल, फूलसिंह धनगर, हेमंत चौहान और महेश ने संस्थान में प्रवेश ही नहीं लिया था। लेकिन इनके दस्तावेज लेकर इन्हें कॉलेज में दिखाकर सरकार से स्कॉलरशिप राशि ली गई।

लोकायुक्त द्वारा चालान पेश करते ही बृजबाला तिवारी और डोसी ने जिला कोर्ट में अग्रिम जमानत का आवेदन लगाया। इसमें तिवारी ने कहा कि वह 62 साल की महिला डॉक्टर हैं और समाज में सम्मानित हैं। आरोप गलत हैं। वैसे भी वह ट्रस्ट की चेयरपर्सन हैं और संस्थान के दैनिक कामों में उनका कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। तिवारी ने आगे कहा कि लोकायुक्त को 11 साल तक जांच में पूरा सहयोग किया है। इसी तरह डोसी ने कहा कि वह 74 साल के हैं और वह केवल वेतनिक पद पर थे, आरोप झूठे हैं। दोनों के तर्कों के आधार पर जिला कोर्ट ने 50-50 हजार के मुचलके पर अग्रिम जमानत मंजूर की है।

# एमपी पुलिस के अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द, त्योहारों पर हाई अलर्ट

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने आगामी त्योहारों को देखते हुए प्रदेश भर के पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह सख्त कदम उठाया गया है। मध्यप्रदेश में आने वाले त्योहारों को देखते हुए पुलिस विभाग ने कमर कस ली है। कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने एक बड़ा फरमान जारी किया है। अब प्रदेश का कोई भी पुलिसकर्मी बिना ठोस वजह के छुट्टी पर नहीं जा पाएगा।

प्रदेश की विशेष शाखा ने साफ कर दिया है कि आगामी बड़े धार्मिक त्योहारों के दौरान राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द और शांति बनाए रखना पहली प्राथमिकता है। इसी को देखते हुए तत्काल प्रभाव से सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर अगले आदेश तक प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश भोपाल और इंदौर के पुलिस कमिश्नर समेत प्रदेश के सभी जोनल ADG, IG और जिलों के एसपी को भेज दिया गया है। रेल पुलिस (GRP) और विशेष सशस्त्र बल (SAF) के जवानों को भी मुस्तैद रहने को कहा गया है ताकि त्योहारों के दौरान आम जनता सुरक्षित महसूस कर सके। खबर उन पुलिसकर्मियों के लिए राहत भरी भी है जिन्हें वाकई कोई बहुत जरूरी काम है। आदेश में जिक्र है कि अपरिहार्य परिस्थितियों (इमरजेंसी) में संबंधितSP या जोनल IG सीमित समय के लिए छुट्टी दे सकेंगे। बड़े स्तर पर छुट्टी की जरूरत होने पर खुद पुलिस महानिदेशक की मंजूरी अनिवार्य होगी।

# छात्रों को राहत : एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं का रिजल्ट अप्रैल के तीसरे सप्ताह में संभावित

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● लाखों विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल इस वर्ष 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम तय समय से पहले जारी करने की तैयारी में है। बोर्ड का लक्ष्य अप्रैल के तीसरे सप्ताह में रिजल्ट घोषित करना है। पिछले वर्ष जहां परिणाम 6 मई को घोषित किए गए थे, वहीं इस बार समय से पहले परिणाम जारी करने का निर्णय लिया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, इसका उद्देश्य उन विद्यार्थियों को पर्याप्त समय देना है, जिन्हें दूसरी परीक्षा (सेकंड एग्जाम) में शामिल होना पड़ सकता है। यह परीक्षा 7 मई से प्रस्तावित है, जिससे छात्रों को लगभग 20 दिन की तैयारी का समय मिल सकेगा। फिलहाल प्रदेशभर में मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। अब तक करीब 70 प्रतिशत कॉपियों की जांच पूरी हो चुकी है। मूल्यांकन का चौथा और अंतिम चरण 23 मार्च से शुरू होगा। यदि इसी गति से कार्य जारी रहा, तो अप्रैल के पहले सप्ताह तक रिजल्ट तैयार हो सकता है।

इस वर्ष लगभग 16 लाख विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी है, जिनकी करीब 90 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 हजार शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। हालांकि, कुछ जिलों जैसे आगर मालवा और नर्मदापुरम में मूल्यांकन की गति थोड़ी धीमी है, जहां अभी तक लगभग 40 प्रतिशत कॉपियां ही जांची गई हैं। इसके बावजूद अधिकारी निर्धारित समयसीमा में परिणाम घोषित करने को लेकर आश्वस्त हैं।

### इंदौर में जांच के दो चरण पूरे

इंदौर जिले की बात करें तो यहां मूल्यांकन कार्य अन्य जिलों की तुलना में तेज गति से चल रहा है। दो चरणों का मूल्यांकन पूरा हो चुका है और लगभग 2 लाख कॉपियों की जांच की जा चुकी है। तीसरे चरण की कॉपियां जल्द ही शहर पहुंचेंगी, जिसके बाद अंतिम चरण शुरू होगा। पूरी प्रक्रिया गोपनीयता के साथ तय समयसीमा में पूरी की जा रही है और शिक्षकों को गुणवत्ता के साथ समय पर मूल्यांकन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कॉलेज एडमिशन में बड़ा बदलाव, साल में दो बार मौका

### स्ट्रीम बदलने पर अब परीक्षा अनिवार्य, नई व्यवस्था लागू

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● सरकारी और निजी कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया में दो बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। ये बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होंगे। नई व्यवस्था के तहत अब छात्रों को साल में दो बार एडमिशन का मौका मिलेगा, वहीं संकाय (स्ट्रीम) बदलने के लिए पात्रता परीक्षा देना अनिवार्य होगा।

नई व्यवस्था के अनुसार एडमिशन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहला चरण जुलाई में और दूसरा जनवरी में शुरू किया जाएगा। जनवरी सत्र से उन छात्रों को राहत मिलेगी, जिनका रिजल्ट देरी से आता है या जो इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में लगे रहते हैं। इससे वे बिना एक साल गंवाए सीधे प्रवेश ले सकेंगे और कॉलेजों की खाली सीटें भी भर सकेंगी। स्ट्रीम परिवर्तन को लेकर भी नियम सख्त किए गए हैं। अब साइंस, कॉमर्स या आर्ट्स में बदलाव करने के लिए छात्रों को संबंधित विषय की बुनियादी जानकारी साबित करनी होगी। इसके लिए राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा पास करना जरूरी होगा। ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से पूरी प्रक्रिया संचालित होगी और स्ट्रीम बदलने वाले छात्रों का रजिस्ट्रेशन स्वतः परीक्षा के लिए हो जाएगा। कॉलेज प्राचार्यों के अनुसार, ऐसे छात्रों का नाम मेरिट सूची में तभी शामिल होगा, जब वे परीक्षा पास करेंगे, जबकि अपनी पुरानी स्ट्रीम में प्रवेश लेने वालों को छूट रहेगी।

## गर्मी में बदला इंदौर जू का मिजाज

# शेर-भालू के लिए कुलर, पक्षियों के लिए स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव; डाइट में दे रहे रसीले फल

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में गर्मी के साथ ही वन्य प्राणियों की देखभाल भी बढ़ गई है। वन्य प्राणियों को तेज गर्मी से बचाने के लिए उनके पिंजरों के पास कूलर लगाए गए हैं साथ ही पक्षियों के लिए स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए उनके खाने में भी बदलाव किया गया है। उन्हें स्ट्रेस से बचाने के लिए पानी में भी एंटी स्ट्रेस पाउडर मिलाकर दिया जा रहा है।

शहर में गर्मी का असर देखने को मिलने लगा है। एक तरफ जहां सूरज चढ़ते ही गर्मी का अहसास होने लगता है, वहीं दोपहर तक लोग भी गर्मी से बचाव में टोपी, गमछा डालकर रोड पर निकलने लगे है। तापमान बढ़ने के साथ ही इंदौर के चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें गर्मी में राहत मिल सके। चिड़ियाघर प्रभारी डॉ.उत्तम यादव ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाव के लिए व्यवस्था की गई है। टाइगर, लॉयन और लेपर्ड के इन्क्लोजरों में वॉटर बॉडी, शेड ट्री और इनक्लोजर के अंदर पानी की व्यवस्था करना शुरू कर दिया है। जिससे यहां की




ग्रीनरी मेनटेन रहती है। हरियाली रहने से जो ठंडा एरिया रहता है, वहां पर इन प्राणियों को आराम करना पसंद होता है, तो ये व्यवस्था भी हमने कर रखी है।

डॉ.यादव के मुताबिक रात में जब इन प्राणियों को पिंजरों में खाना खाने के लिए बंद किया जाता है, तो वहां भी कूलर लगा दिए है। लॉयन, लेपर्ड, टाइगर, भालू के पिंजरों में कूलर लगा दिए है, ताकि रात में भी उन्हें गर्मी का अहसास ना हो। ऐसे करीब 6 कूलर यहां पर लगा रखे है। इसके अलावा चिड़ियाघर में जो ओपन बर्ड हाउस है उन्हें भी तीन तरफ से ढक दिया है, ताकि उन्हें हिट स्ट्रोक ना हो सके। गर्मी से उन्हें राहत मिले। वन्य प्राणियों और पक्षियों के खाने में भी बदलाव किया है, जो शाकाहारी प्राणी है उनके लिए रसीले फल, जिसमें पानी का कंटेंट ज्यादा हो वो दे रहे है। इसके अलावा पानी में एंटी स्ट्रेस पाउडर डालते है, जिससे वे तनाव में ना आए।

### बर्ड हाउस में स्प्रिंकलर की व्यवस्था, शेड भी डाला

चिड़ियाघर में बने बर्ड हाउस में भी स्प्रिंकलर लगा रखे है। दिन में दो से तीन बार पानी का छिड़काव किया जाता है, ताकि बर्ड हाउस में तापमान मेनटेन रहता है। गर्मी में हिट स्ट्रोक से भी उन्हें राहत मिल जाती है। बर्ड भी गर्मी में नहाना पसंद करते हैं, तो स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी भी उन्हें मिल जाता है। न्यू वल्ड मंकी के इनक्लोजरों के दोनों तरफ भी कूलर लगा दिए है, ताकि भी उन्हें गर्मी ना लगे, क्योंकि ये थोड़े सेनसेटिव एनिमल है। इसके अलावा जैसे सांभर को किंचड़ में नहाना अच्छा लगता है गर्मी में। इसलिए उनके इनक्लोजर में जो वॉटर बॉडी बना रखी है जिसमें पानी भरते रहते है। जब भी उन्हें बॉडी का तापमान मेनटेन करना रहता है तो वे उसमें चले जाते है। स्नेक हाउस में भी किंग कोबरा, कॉमन सेंडबोआ, कोबरा, रेट स्नेक के लिए तापमान मेनटेन करने के लिए दिन में दो से तीन बार पानी का छिड़काव किया जाता है। हर इनक्लोजर में वॉटर बॉडी बना रखी है, स्नेक भी अपने बॉडी का तापमान मेनटेन करने के लिए इनमें चले जाते है। किंग कोबरा को गर्मी से ज्यादा दिक्कत होती है इसलिए यहां भी कूलर लगा रखा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) - 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।